हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹115898/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹141550/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹154516/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
anand Jewels
Pandri, Raipur

शिक्षक दिवस काउंटडाउन-3 सितंबर



गुरवः सर्वश्रेष्ठा भवन्ति ज्ञानदायिनः।
तेषां वन्दनमेकाग्रं कुर्यात्भक्त्या सदा नरः॥

पुरस्कार एक सम्मान है, आपके ज्ञान, सेवा और समर्पण के लिए पर इस राज्य स्तरीय पुरस्कार से इतर भी ऐसे सम्माननीय शिक्षक मौजूद हैं, जिन्होंने अपनी विलक्षण दक्षता और प्रगतिवादी सोच से कुछ गढ़ा है, हम उन शिक्षकों से अनुरोध करते हैं कि वे अपनी इस सोच और सेवा को हरिभूमि के साथ साझा करें, जिसे हम 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रकाशित करेंगे। इस व्हाट्सएप नंबर पर वे 4 सितंबर तक फोटोग्राफ्स के साथ अपने किए कामों का ब्योरा भेज सकते हैं।

हरिभूमि व्हाट्सएप 6268747629 | अंतिम तिथि 4 सितंबर

वनांचल की आदिवासी लड़कियों को खींच लाए स्कूल तक, जादुई पिटारे से निकाला 'ज्ञान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद जिले के सुदूर आदिवासी विकासखंड मैनपुर के वनांचल क्षेत्र अमलीपदर प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक अनिल अवस्थी ने शिक्षा का अलख जगाने के लिए कड़ा परिश्रम कार्य किया है। खासकर बालिका शिक्षा के लिए वे घर-घर जाकर पालकों को बेटियों को पढ़ाने के लिए तैयार किया। वरना चुनौतीपूर्ण भौगोलिक स्थिति वाले आदिवासी इलाके में लोग बालिका तो दूर बालकों को पढ़ाने के लिए तैयार नहीं होते। उनके प्रयासों से शाला त्यागी (ड्रॉपआउट) बालिकाओं का पुनः नामांकन संभव हो सका और आज शाला में बालिकाओं की उपस्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई ▶▶|शेष पेज 7 पर

मुस्कान पुस्तकालय और जादुई पिटारा

प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में नए बदलाव और नवाचारों के जरिए बच्चों, विशेषकर बालिकाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए चर्चित शिक्षक अनिल अवस्थी ने अपने अनूठे प्रयोगों—'मुस्कान पुस्तकालय' और 'जादुई पिटारा'—के माध्यम से न सिर्फ कक्षाओं की तस्वीर बदली है, बल्कि बालिकाओं में पढ़ाई के प्रति नया उत्साह और रुझान भी पैदा किया है। मुस्कान पुस्तकालय में बच्चों की रुचि के अनुसार रंग-बिरंगी, सचित्र और बाल-साहित्य से भरपूर पुस्तकें शामिल की गई हैं। यह पारंपरिक किताबों से इतर बालिकाओं को हंसते-खेलते पढ़ने का माहौल प्रदान करता है। वहीं जादुई पिटारा खेल-खेल में सीखने की अवधारणा पर आधारित है। इस पिटारे में तरह-तरह के शैक्षणिक खिलौने, टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) और गतिविधियां शामिल हैं, जो कठिन विषयों को भी सहज बना देती हैं। इसके ▶▶|शेष पेज 7 पर

पढ़ाई में महारत के साथ जरूरतमंद बच्चों की मदद में भी आगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई यानी केसीजी जिले में शासकीय मिडिल स्कूल संडी में पदस्थ प्रधान पाठक पदमा साहू पढ़ाने-लिखाने में जितनी माहिर हैं उतनी ही अपने सामाजिक दायित्वों को लेकर संवेदनशील हैं। वे सरकारी बंधन से ऊपर उठकर जरूरतमंद बच्चों को मदद करने में पीछे नहीं रहतीं। शिक्षक दिवस पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार और समर्पण के लिए इस वर्ष प्रतिष्ठित राज्य शिक्षक सम्मान से नवाजा जाएगा। पदमा साहू वर्ष 2005 में मिडिल स्कूल में पदस्थ हुईं तब से उनकी यात्रा अनवरत जारी है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

अपने वेतन का 10% बच्चों पर खर्च कर संवार रहीं भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर



बच्चों की जरूरत पूरी करने के लिए अपने वेतन का हिस्सा खर्च करना और सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले जरूरतमंद बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल देना—शासकीय प्राथमिक शाला गांधीनगर की प्रधान पाठक रेखा राय के लिए यह सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, बल्कि शिक्षकीय सेवा का संकल्प है। वह हर माह अपने वेतन का करीब 5 से 10 प्रतिशत बच्चों और स्कूल की बुनियादी जरूरतों पर खर्च करती हैं। शिक्षा में नवाचार, बच्चों की बुनियादी साक्षरता और सर्वांगीण विकास के लिए 21 वर्षों ▶▶|शेष पेज 7 पर

जरूरतमंद बच्चों के लिए सहारा

विद्यालय में अध्ययनरत घूमंतू आश्रम के अनाथ और जरूरतमंद बच्चों की बुनियादी आवश्यकताओं का भी वह विशेष ध्यान रखती हैं। ऐसे बच्चों की जरूरतों को पूरा करने में अपने वेतन का नियमित हिस्सा खर्च करती हैं। उनका प्रयास है कि आर्थिक अभाव किसी बच्चे की पढ़ाई में बाधा न बने। रेखा राय को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए राज्य और जिला स्तर पर कई पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान मिल चुके हैं। अब राज्यपाल पुरस्कार उनके 21 वर्षों के समर्पण और नवाचारी शिक्षकीय कार्यों को मिलने वाला महत्वपूर्ण सम्मान होगा।

सूरजपुर, महासमुंद, बालोद, बलौदाबाजार-भाटापारा और कबीरधाम टॉप-10 में

जल संरक्षण में छत्तीसगढ़ अव्वल देश के शीर्ष दस जिलों में पांच हमारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



खास खबर

बारिश की हर बूंद को सहेजने और उसे धरती के भीतर पहुंचाकर भविष्य के लिए जल सुरक्षित करने की दिशा में छत्तीसगढ़ ने देश के सामने जनभागीदारी का प्रभावी मॉडल पेश किया है। जल शक्ति मंत्रालय के 'जल संचय जन भागीदारी' (जेएसजेबी) अभियान के तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। इतना ही नहीं, प्रदेश के पांच जिले भी जल संरक्षण के क्षेत्र में देश के शीर्ष 10 जिलों में शामिल हुए हैं। इन जिलों में सूरजपुर, महासमुंद, बालोद, बलौदाबाजार-भाटापारा और कबीरधाम शामिल है।

नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित जल शक्ति मंत्रालय के विभागीय शिखर सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छग ▶▶|शेष पेज 7 पर

पानी की कमी वाले ब्लॉक 26 से घटकर 19

राज्य में जल संरक्षण के प्रयासों का असर भू-जल स्थिति पर भी दिखाई देने लगा है। छत्तीसगढ़ में पानी की कमी वाले ब्लॉकों की संख्या 26 से घटकर 19 रह गई है। वहीं पांच क्रिटिकल ब्लॉकों के सामान्य श्रेणी में आने का भी अनुमान है। राज्य में नए जल संचयन ढांचे तैयार करने के साथ पुराने जल स्रोतों के संरक्षण, भू-जल पुनर्भरण, जल संरचनाओं की मैपिंग और नियमित निगरानी पर जोर दिया जा रहा है। सीएम ने ▶▶|शेष पेज 7 पर

कोरिया का '5 प्रतिशत मॉडल' बना मिसाल

मुख्यमंत्री साय ने कोरिया जिले से शुरू हुए '5 प्रतिशत मॉडल' को जल संरक्षण में किसानों की स्वैच्छिक भागीदारी का अभिनव उदाहरण बताया। इस मॉडल में किसान अपनी कृषि भूमि का लगभग पांच प्रतिशत हिस्सा भू-जल पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन के लिए स्वेच्छा से उपलब्ध करा रहे हैं। इस भूमि पर ऐसी जल संरचनाएं विकसित की जा रही हैं, जिनमें बारिश का ▶▶|शेष पेज 7 पर

महेश भागचंदका को बनाया कोषाध्यक्ष, तीन नए ट्रस्टी भी

पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र राम मंदिर के सीईओ, गिरि नए महासचिव

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पश्चिमी वायुसेना कमान का नेतृत्व संभालने वाले एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) जितेंद्र मिश्रा को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का पहला सीईओ नियुक्त किया गया है। गोविंद देव गिरि को ट्रस्ट का महासचिव और नवनियुक्त ट्रस्टी महेश भागचंदका को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। राम मंदिर कथित चढ़ावा चोरी मामले को लेकर उठे विवाद के बाद हुई ट्रस्ट की तीसरी बैठक में इन नामों पर मुहर लगाई गई।

अयोध्या की मणिरामदास छावनी में महंत नृत्यगोपालदास की अध्यक्षता में बुधवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन ने बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए संवाददाताओं को बताया कि सीईओ पद के लिये 5,585 आवेदनों में से चयनित किए गए तीन उम्मीदवारों में से मिश्रा को इस पद के लिए चुना गया। छह जुलाई को ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव बनाये गये मोहन ने बताया कि अब नियमित महासचिव के पद पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष ▶▶|शेष पेज 7 पर

ट्रस्ट के मुख्य और स्थायी सदस्य

- के. परासरन : सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य
- महंत नृत्य गोपाल दास : अध्यक्ष, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट
- स्वामी गोविंद देव गिरी जी महाराज : कोषाध्यक्ष
- कृष्ण मोहन : अंतरिम महासचिव।
- जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज : सदस्य (प्रयागराज)
- जगतगुरु मध्वाचार्य स्वामी विश्वप्रसन्न तीर्थ जी महाराज : सदस्य (पेजावर मठ, उडुपी)
- युगपुरुष परमानन्द जी महाराज : ▶▶|शेष पेज 7 पर

ऐसे चुने गए नए सीईओ

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सूत्रों के मुताबिक न्यास के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के चयन की प्रक्रिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से स्क्रीनिंग और परंपरागत आकलन, दोनों ही शामिल थे। उन्होंने बताया कि कुल 5,585 आवेदकों में से 3,577 उम्मीदवारों ने 600 अंकों वाली व्यवस्था के तहत मूल्यांकन के लिए अपनी जानकारी साझा की। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद, 'डिजिटल' बातचीत के लिए 470 या उससे अधिक अंक पाने वाले 108 उम्मीदवारों को चुना गया।



सैन्य अनुशासन से मंदिर प्रबंधन तक

सैन्य सेवा से आए मिश्रा के अनुशासन, नेतृत्व, बड़े संस्थान के प्रबंधन और समन्वय के अनुभव को ट्रस्ट के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। देवरिया के छोटे से गांव भोपतपुरा से भारतीय वायुसेना के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचे मिश्रा का अब अयोध्या के राम मंदिर के पहले सीईओ के रूप में नया अध्याय शुरू हुआ है।

कौन हैं मिश्रा

रिटायर्ड एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा मूल रूप से देवरिया जिले के भाटपाररानी क्षेत्र के भोपतपुरा गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायुसेना में फाइटर पायलट के रूप में कमीशन प्राप्त किया था। अपने लंबे सैन्य करियर में उन्होंने 18 से अधिक प्रकार के विमानों पर उड़ान भरी।

खबर संक्षेप

बांकेबिहारी मंदिर की मंगला आरती का सीधा प्रसारण

मथुरा। जन्माष्टमी के अवसर पर वृन्दावन के बांकेबिहारी मंदिर में वर्ष में केवल एक बार मध्यरात्रि पश्चात होने वाली मंगला आरती का पहली बार सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके लिए मंदिर में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बांकेबिहारी मंदिर में मंगला आरती आम तौर पर सुबह दिन निकलने के बाद ही होती है। परंतु, जन्माष्टमी के अवसर पर मध्यरात्रि में महाभिषेक संपन्न होने के उपरांत रात में ही 1.45 बजे से दर्शन खोले जाने के 10 मिनट बाद 1.55 बजे मंगला आरती शुरू हो जाएगी।



अन्ना अभी दो दिन रहेंगे अस्पताल में

मुंबई। मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे की तबीयत में सुधार हुआ है। वह अब नियमित रूप से भोजन कर रहे हैं। 89 वर्षीय हजारे को चिकित्सीय निगरानी में अभी दो दिन और बॉम्बे अस्पताल में भर्ती रखा जायेगा। चिकित्सकों ने अन्ना हजारे की जांच की। उनकी हालत में सुधार हुआ है। अन्ना अब नियमित रूप से भोजन भी कर रहे हैं। हम भी चाहते हैं कि अन्ना के अस्पताल से छुट्टी लेकर अहिल्यानगर जिले के अपने गांव रालेगण सिद्धि लौटने से पहले वह पूरी तरह स्वस्थ हो जाएं।

ग्राहकों के साथ निवेशक भी ठिठके, इसलिए सराफा बाजार में 40 फीसदी कारोबार कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



हरिभूमि लगातार

सोने और चांदी के लगातार घटते-बढ़ते दाम के कारण प्रदेश का सराफा कारोबार रक्षा बधंन से त्योहारी सीजन प्रारंभ होने के बाद भी 40 फीसदी कम हो रहा है। आमतौर पर प्रदेश में रोज 50 करोड़ से ज्यादा का कारोबार होता है, लेकिन अब यह कारोबार 30 करोड़ से भी कम हो रहा है। एक तो आम खरीदार बाजार से ▶▶|शेष पेज 7 पर

चांदी 45 हजार सस्ती

चांदी पर बीते माह 16 मई से प्रतिबंध लगा है। इसके एक दिन पहले चांदी के दाम 287600 रुपए थे। चांदी कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक ऐसी संभावना जताई जा रही थी कि चांदी का आयात बंद होने से निवेशकों की चांदी बाहर आएगी तो दाम बढ़ेंगे। लेकिन दाम बढ़ने के स्थान पर ▶▶|शेष पेज 7 पर

कारोबार चौपट

सराफा कारोबारियों के मुताबिक सराफा का कारोबार तो अब चौपट होते जा रहा है। आम खरीदार सोने और चांदी के रोज बदलते दाम के कारण पहले ही कम हो गई है। अब तो चांदी का आयात बंद होने के बाद चांदी का आना भी बंद हो गया तो इसका कारोबार नहीं के बराबर हो रहा है। इसी के साथ सोने के जेवरों की खरीदारी भी नहीं के बराबर हो गई है। आम ▶▶|शेष पेज 7 पर

थम नहीं रही रिश्वतखोरी

एरियर्स की फाइल बढ़ाने 10 हजार की घूस, बीईओ रंगे हाथ पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



सुकमा जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की कार्रवाई से सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया है। कोंटा विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) चंद्र कुमार यादव को एक शिक्षक से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े जाने की कार्रवाई सामने आई है। आरोप है कि करीब 16 लाख रुपए के एरियर्स भुगतान से जुड़ी फाइल पर हस्ताक्षर करने के एवज में 5 प्रतिशत कमीशन की मांग की गई थी। जानकारी के मुताबिक भृत्य मंगलराम की शिक्षक पत्नी सुशीला कवासी वर्ष 1991 में शिक्षिका के ▶▶|शेष पेज 7 पर

मामा के नाम पर भांजे ने पेपर लीक के लिए वसूले तीन करोड़

ईडी ने धमतरी, जशपुर समेत पांच स्थानों पर मारे छापे
जांच के बाद जारी किया बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सीजीपीएससी के लिए वर्ष 2020-21 में आयोजित परीक्षा में पेपर लीक, गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कई जगह छापेमारी की। इस प्रकरण में ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री के पीए के भांजा के खिलाफ तीन करोड़ रुपए लेन-देन करने का हवाला दिया है। छापे की कार्रवाई ईडी की रायपुर जोनल टीम ने रायपुर, दुर्ग, धमतरी और जशपुर में पांच ठिकानों पर एक साथ की थी।

हरिभूमि फॉलोअप

जांच एजेंसी ने बयान जारी कर जांच में दौरान 3 करोड़ रुपए से ज्यादा की अर्जित रकम सामने आने का खुलासा किया है। इस मामले में उत्कर्ष चंद्राकर को भी गिरफ्तार किया गया है। 5 सितंबर तक ईडी उससे पूछताछ करेगी। ईडी ने उक्त ▶▶|शेष पेज 7 पर

प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का झांसा देकर वसूले पैसे

जांच एजेंसी के मुताबिक सीजीपीएससी परीक्षा के प्रश्नपत्र आरोपियों के रिश्तेदारों और कुछ चुने हुए उम्मीदवारों, दलालों को गैर-कानूनी तरीके से पैसे लेकर लीक किए गए थे। जांच में पता चला है कि उत्कर्ष चंद्राकर और डॉ. विकास चंद्राकर ने परीक्षा के लीक प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का भरोसा देकर उम्मीदवारों से पैसे वसूले और 'अपराध से प्राप्त आय' के तौर पर लगभग 3 करोड़ रुपए जमा किए। उत्कर्ष चंद्राकर ने नौकरी के उम्मीदवारों को प्रभावित करने और उनसे पैसे वसूलने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री के पर्सनल असिस्टेंट और अपने मामा केके चंद्रवंशी के नाम, पद और प्रभाव का इस्तेमाल किया। साथ ही, उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय में तत्कालीन ओएसडी के नाम और प्रभाव का भी इस्तेमाल किया।

आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस जब्त

जांच एजेंसी ने मंगलवार को जिन पांच स्थानों में छापे की कार्रवाई कर तलाशी ली थी, उन ठिकानों से आपत्तिजनक दस्तावेज, मोबाइल समेत डिजिटल डिवाइस, वित्तीय रिकॉर्ड, संपत्ति से जुड़े कागजात और अन्य अहम सबूत मिले हैं। ईडी ने कहा है कि मामले में आगे की जांच जारी है।

रिच डैड पुअर डैड के लेखक बोले- 'मैं डूबा तो बैंक डूबेगा'

अमीरी सिखाने वाले कियोसाकी पर 1.2 बिलियन डॉलर कर्ज!

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

रिच डैड पुअर डैड किताब से लोगों को अमीर बनने के टिप्स देने वाले मशहूर लेखक रॉबर्ट कियोसाकी खुद 1.2 अरब डॉलर के कर्ज में हैं। 79 साल के कियोसाकी ने खुद 'गेट रिच एजुकेशन' पॉडकास्ट में यह खुलासा किया 'मैं 1.2 बिलियन डॉलर कर्ज में हूं। यह रकम रियल-एस्टेट में किए गए उन निवेशों से जुड़ी है जो उनकी दौलत बनाने की रणनीति का एक अहम हिस्सा हैं। उनका यह भी कहना है कि अगर मैं डूबा तो बैंक डूबेगा। उनका बयान सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि कियोसाकी की पूर्व ▶▶|शेष पेज 7 पर

'उन्हें चौंकाने वाली बातें कहना पसंद है'

कियोसाकी की पूर्व पत्नी किम ने वैनिटी फेयर से कहा कि 1.2 अरब डॉलर की रकम को रॉबर्ट के निजी कर्ज के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने बताया, ये कर्ज 1500 अपार्टमेंट यूनिट्स पर पार्टनर्स के साथ हैं, उनका निजी हिस्सा सिर्फ 30-60 मिलियन डॉलर ही है। तकनीकी रूप से, हां, हम पर यह सारा कर्ज है। वैनिटी फेयर के अनुमान के मुताबिक, अगर कियोसाकी की सालाना करीब 30 लाख डॉलर की कमाई का दावा सही माना जाए तो रियल एस्टेट कर्ज में उनकी हिस्सेदारी लगभग 3 करोड़ से 6 करोड़ डॉलर के बीच हो सकती है।



कर्ज लेकर कैसे बढ़ाते हैं संपत्ति? : कियोसाकी की निवेश रणनीति का बड़ा हिस्सा लेवरेज यानी कर्ज के इस्तेमाल पर आधारित है। इसका तरीका यह है कि जब किसी प्रॉपर्टी की कीमत बढ़ती है तो उसके मालिक उस बढ़ी हुई इक्विटी के आधार पर दोबारा कर्ज ले सकते हैं। मिसाल के तौर पर, अगर किसी प्रॉपर्टी की कीमत बढ़कर काफी ज्यादा हो जाती है, तो उसके मालिक उस संपत्ति के खिलाफ अतिरिक्त लोन लेकर उस पैसे से दूसरी संपत्तियां खरीद सकते हैं। इस तरह बिना मौजूदा प्रॉपर्टी बेचे भी नई संपत्तियां हासिल करने की क्षमता बढ़ जाती है।

इसका दूसरा पहलू भी है

टैक्स विशेषज्ञ डेविड ए. पेरेज के मुताबिक, इसका दूसरा पहलू भी है। कर्ज बढ़ने के साथ ब्याज, मॉर्गेज भुगतान और कैश फ्लो पर दबाव भी बढ़ता है। रियल एस्टेट निवेशक जॉन पूल ने चेतावनी दी कि लेवरेज तब शानदार तरीके से काम करता है, जब प्रॉपर्टी की कीमतें बढ़ रही हों। लेकिन बाजार का रुख पलटने पर यही कर्ज निवेशक के लिए बड़ा वित्तीय जोखिम बन सकता है।

7500 से ज्यादा घर तबाह, सड़कों और पुलों से 30 अरब का नुकसान

प्रभावित इलाकों से 6,541 लोगों को सुरक्षित निकाला, 4,858 अब भी लापता

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल में भोटेकोशी और त्रिशूली नदियों में आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। शहरी विकास और भवन निर्माण विभाग के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक रसुवा, नुवाकोट, धादिंग, गोरखा और चितवन जिलों में करीब 7,570 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से 1,253 घर पूरी तरह ढह गए हैं। घरों को हुए नुकसान का अनुमान करीब 17 अरब रुपये लगाया गया है, वहीं बाढ़ में सड़कें, पुल और पेयजल व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिससे कुल नुकसान अरबों रुपये तक पहुंच गया है। शहरी विकास एवं भवन निर्माण विभाग की टीम ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया है। विभाग के मुताबिक कुल 7,570 घरों में से 6,317 घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए और 1,253 घर पूरी तरह तबाह हो गए, जिन्हें अब दोबारा बनाना ही पड़ेगा। सिर्फ घरों का नुकसान करीब 17 अरब रुपये आंका गया है। इसके अलावा 45 सरकारी इमारतें भी क्षतिग्रस्त हुईं, जिनका नुकसान करीब 4 अरब 50 करोड़ रुपये बताया गया है। विभाग का कहना है कि विस्तृत आकलन अभी जारी है।

सड़कों को भी भारी नुकसान

सड़कों को भी भारी नुकसान हुआ है। सड़क विभाग के मुताबिक देशभर में करीब 30 अरब नेपाली रुपये का सड़क नुकसान हुआ। 82 किलोमीटर लंबी गल्छी स्याफ्रुबेंसी रसुवागढ़ी सड़क में से करीब 40 किलोमीटर पूरी तरह तबाह हो गई, जिसे नए सिरे से बनाना होगा।



31 पुल पूरी तरह बह गए : *बाढ़ में 31 पुल पूरी तरह बह गए और तीन को नुकसान पहुंचा, इनकी मरम्मत पर करीब 50 अरब रुपये खर्च होने का अनुमान है। रसुवा और नुवाकोट में 53 झूलते पुल प्रभावित हुए, जिनमें 33 पूरी तरह बह गए और 20 की मरम्मत संभव है। स्थानीय ढांचे को करीब 1 अरब 25 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।*

मृतक संख्या 1,127 हुई हजारों लापता की तलाश

नेपाल-तिब्बत सीमा के निकट 26 अगस्त को बर्फ और चट्टानों के ढहने या हिमस्खलन के कारण अचानक बाढ़ आ गई थी। इस बाढ़ ने उत्तरी और मध्य नेपाल के कई कस्बों और गांवों में भारी तबाही मचाई थी। इस विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या बुधवार को बढ़कर 1,127 हो गई। हिमालयी क्षेत्र में आई इस आपदा के एक सप्ताह बाद भी बचावकर्मी हजारों लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। नेपाल पुलिस के अनुसार, चितवन से 348, नवलपरासी पूर्व से 217, नवलपरासी पश्चिम से 190 और नुवाकोट से 155 शव बरामद किए गए हैं। इसी तरह गोरखा से 66, धादिंग से 59, रसुवा से 45 और तनाहूं से 38 शव बरामद हुए हैं।

प्रभावित इलाकों में 7,912 पुलिसकर्मियों तैनात

पुलिस के मुताबिक,अब तक सुरक्षा बलों ने प्रभावित इलाकों से 6,541 लोगों को सुरक्षित निकाला है, जबकि 4,858 लापता लोगों की तलाश अभी जारी है। अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में 7,912 पुलिसकर्मियों को तैनात किया है।

नेपाली पीएम ने संसद में भारत को कहा- धन्यवाद

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने बाढ़ राहत और बचाव कार्यों में मदद के लिए संसद में भारत और चीन को धन्यवाद दिया।



बुधवार को संसद को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों पड़ोसी देशों ने समय पर राहत सामग्री, तकनीकी टीमें और आपात मदद भेजी। भारत ने राहत सामग्री की पांचवीं खेप भेजी है। भारतीय टीमें सुरंगों में सर्च ऑपरेशन और शवों की पहचान में मदद कर रही हैं। वहीं, चीन ने ग्यिरोंग बॉर्डर तक जाने वाला हाईवे खोल दिया है, जिससे राहत दल प्रभावित इलाकों तक पहुंच रहे हैं।

खबर संक्षेप

ब्रिक्स समिट : संरा प्रमुख गुतारेस आएंगे दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस इस महीने के अंत में नयी दिल्ली में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। भारत इस वर्ष ब्रिक्स (दुनिया की प्रमुख उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं और विकासशील देशों का संगठन) की अध्यक्षता कर रहा है। नयी दिल्ली के भारत मंडपम में 12-13 सितंबर को 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस सम्मेलन में ब्रिक्स के सदस्य देशों और साझेदार देशों के नेताओं के साथ-साथ विशेष आमंत्रित देशों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।



31 बांग्लादेशी नागरिकों को भेजा गया बंगाल

बेंगलुरु। बेंगलुरु पुलिस ने शहर में अवैध रूप से रह रहे 31 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजने के लिए पश्चिम बंगाल भेजा है। इन सभी को अगस्त में इलेक्ट्रॉनिक सिटी डिवीजन के 10 पुलिस थानों में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान हिरासत में लिया गया था। पुलिस के मुताबिक, अब पश्चिम बंगाल के अधिकारी जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद इन लोगों को बांग्लादेश वापस भेजेंगे। ये सभी बांग्लादेश के खुलना जिले के बागेरहाट के रहने वाले हैं और माना जा रहा है कि उन्होंने अवैध तरीके से भारत में प्रवेश किया था।

ताहिर मामला : दिल्ली पुलिस से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की अपील पर पुलिस से जवाब मांगा है। हुसैन ने 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में मिली उम्रकैद की सजा को चुनौती दी है। जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह और विकास महाजन की पीठ ने अपील स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई 2 दिसंबर को तय की है। कोर्ट ने जेल प्रशासन को हुसैन की नाममात्र रिपोर्ट पेश करने और ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड भी मंगाने का निर्देश दिया।



सुप्रीम कोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया को दिया अहम निर्देश

नीतिगत फैसलों में अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल का परामर्श 'अनिवार्य'

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा का पद केवल अस्थायी (प्रो टेम) है, जब तक कि वकीलों की नवगठित संस्था अपने पदाधिकारियों का चुनाव नहीं कर लेती। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि बीसीआई को कोई भी नीतिगत फैसला भारत के अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल के परामर्श से लेना होगा।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा वी. मोहना की पीठ ने कहा कि वह किसी भी आरोप से प्रभावित नहीं होगी और उसका सरोकार किसी व्यक्ति के आचरण से नहीं, बल्कि बीसीआई के संस्थागत कामकाज से है। अदालत ने कहा कि मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि निर्वाचित बीसीआई के गठन तक संस्था की निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनी रहे। शीर्ष अदालत बीसीआई अध्यक्ष के रूप में मिश्रा के लंबे कार्यकाल की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाओं में उन्हें पद से हटाने और अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का कार्यकाल 2030 तक बढ़ाने वाली अधिसूचनाओं की वैधता को भी चुनौती दी गई है।

बीसीआई अध्यक्ष के लंबे कार्यकाल की वैधता का मामला

23 सितंबर को होगी मामले की अगली सुनवाई



मौजूदा व्यवस्था पर मंजूरी की मुहर नहीं

न्यायमूर्ति बागची ने कहा, 'हम मौजूदा व्यवस्था पर अपनी मंजूरी की मुहर नहीं लगा रहे हैं। यह स्पष्ट है कि वर्तमान अध्यक्ष केवल तब तक पद पर बने रह सकते हैं, जब तक पहले ही कराए जा चुके राज्य बार काउंसिल के चुनावों के आधार पर बीसीआई का नया चुनाव नहीं हो जाता।'

बढ़ाया गया था कार्यकाल

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता माधवी दीवान ने उस अधिसूचना का हवाला दिया, जिसमें मिश्रा को पांच वर्ष का कार्यकाल दिया गया था। उन्होंने अदालत को बताया कि मिश्रा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया था और उनका कार्यकाल 17 अप्रैल 2025 से शुरू होकर 16 अप्रैल 2030 तक रहेगा। दीवान ने एक प्रस्ताव पढ़कर सुनाया, जिसमें अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष कर दिया गया था, जबकि नियमों में केवल दो वर्ष के कार्यकाल का प्रावधान था।

प्रावधान का उद्देश्य

याचिकाकर्ता ने अधिवक्ता अधिनियम की धारा 4(3) के प्रावधान का हवाला देते हुए कहा कि इस प्रावधान का उद्देश्य प्रशासनिक शून्यता को रोकना है, लेकिन इसका इस्तेमाल चुनावों से बचने और मौजूदा पदाधिकारियों को लगातार पद पर बनाए रखने के लिए किया गया है। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायण ने 2020 में गठित 'बार काउंसिल ऑफ इंडिया ट्रस्ट फॉर प्रमोशन ऑफ एजुकेशन', 'लीगल एंड प्रोफेशनल रिफॉर्म्स एंड इम्प्रूवमेंट इन रिसर्च' का उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रस्ट के विलेख (डीड) में 11 प्रबंध न्यासियों को बीसीआई के सदस्य के रूप में उनके कार्यकाल की परवाह किए बिना 'स्थायी न्यासी' बनाया गया है। योगमाया एमजी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सी. यू. सिंह ने कहा कि बार के व्यापक परामर्श के बिना ही अध्यक्ष के कार्यालय से प्रस्ताव जारी किए जा रहे थे।

चुनाव के बाद बीसीआई का होगा पुनर्गठन

पीठ ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 23 सितंबर तय की। सुको ने कहा कि नए चुने गए राज्य बार काउंसिल वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) का पुनर्गठन किया जाएगा। बेंच ने संबंधित हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को राज्य बार काउंसिल में महिलाओं की लंबित सहयोजना दो हफ्ते में पूरी करने का निर्देश दिया। इसके बाद राज्य बार काउंसिल को एक हफ्ते में अपनी अंतिम संरचना की सूचना देनी होगी। इसके दो हफ्ते के अंदर उन्हें एडवोकेट्स एक्ट की धारा 4(1)(c) के तहत बाकी वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर अनुपालन रिपोर्ट जमा करनी होगी।

जवाब में जॉर्डन-बहरीन के अमेरिकी मिलिट्री बेस पर एयर स्ट्राइक

ईरान पर फिर ट्रंप ने किया बड़ा हमला, 19 की मौत, 68 घायल



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका ने 2 दिन बाद फिर ईरान पर हमला किया है। अमेरिकी सेना ने मंगलवार रात सिरिक, खुजस्तान, केश्म द्वीप और बंदर अब्बास में मिसाइल और ड्रोन स्ट्राइक की। ईरान के अनुसार इन हमलों में 19 लोगों की मौत हुई है, जबकि 68 लोग घायल हुए हैं। ईरान का दावा है कि सिरिक में एक शादी समारोह के दौरान मिसाइल गिरने से 5 लोगों की जान गई, जिनमें 4 साल का एक बच्चा भी शामिल है। वहीं खुजस्तान प्रांत में हुए हमले में 7 लोगों की मौत और 8 लोग घायल हुए। अमेरिका का कहना है कि उसने केवल ईरानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हमलों के जवाब में ईरान ने जॉर्डन और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर स्ट्राइक करने का दावा किया है। इससे पहले 30 अगस्त को अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट के पास स्थित लारक द्वीप पर दो ईरानी रॉकेट लॉन्चरों पर हवाई हमला किया था।

ईरान का आरोप- शादी समारोह पर भी हमला

ईरान ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी हमलों में एक शादी समारोह भी निशाने पर आया। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि सिरिक के कुहस्तक इलाके में एक रिहायशी घर पर हमला हुआ, जहां एक परिवार शादी का जश्न मना रहा था। बघाई के मुताबिक, हमले में 50 से ज्यादा निर्दोष पुरुष, महिलाएं और बच्चे मारे गए या घायल हुए। उन्होंने अमेरिकी हमलों को 'बर्बर अपराध' बताया और कहा कि ईरान इनका दृढ़ता से जवाब देगा।

फिर क्यों बढ़ा तनाव?

अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज स्ट्रेट को लेकर एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। अमेरिका का आरोप है कि ईरान ने इस अहम समुद्री रास्ते में बारूदी सुरंगें (सी-माइंस) बिछाने की कोशिश की। ऐसी माइन जहाजों के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं और समुद्री यातायात को रोक सकती हैं। इसके बाद ट्रम्प ने होर्मुज के पास ईरानी ठिकानों पर हमले का आदेश दिया। ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान अमेरिकी हमलों का जवाब देता है तो अमेरिका उससे भी ज्यादा कड़ा जवाब देगा।

गुजरात में बड़ी कार्रवाई

नकली दवा का कारोबार, 50 कंपनियों के लाइसेंस किए रद्द

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात के खाद्य एवं औषधि नियंत्रण प्रशासन (एफडीसीए) ने अगस्त महीने में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए 50 दवा कंपनियों के बिक्री लाइसेंस रद्द कर दिए और गंभीर अनियमितताएं मिलने पर दो दवा निर्माण इकाइयों को बंद करने का आदेश दिया। वहीं, राज्यभर से करीब 42,988 किलोग्राम संदिग्ध खाद्य पदार्थ जब्त किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत 93.47 लाख रुपये है। राज्य सचिवालय में स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल पानसेरिया की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में इस कार्रवाई की समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को नकली, घटिया और अवैध रूप से बेची जा रही दवाओं व खाद्य पदार्थों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाने के निर्देश दिए। एफडीसीए के अनुसार, जोखिम आधारित निरीक्षण के दौरान आठ दवा निर्माण कंपनियों के लाइसेंस निलंबित किए गए।



यूपी तक जुड़े सप्लाई चेन के तार

इसके अलावा, नकली 'निकार्डिया रिटार्ड 10' टैबलेट मामले में 30 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की गई। जांच में उत्तर प्रदेश के लखनऊ से अहमदाबाद और साणंद तक सप्लाई चेन का पता चला। करीब 1.75 लाख रुपये की संदिग्ध दवाएं जब्त की गईं और अहमदाबाद क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई गई।

आंध्र प्रदेश की घटना

एंटी-मलेरिया दवा से बच्ची की मौत, 52 लोग अस्पताल में भर्ती

एजेंसी ▶▶| पोलावरम

आंध्र प्रदेश के पोलावरम जिले के गोल्लागुप्पा गांव में एंटी-मलेरिया दवा खाने के बाद एक 7 साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की पहचान मदिवी जमुना के रूप में हुई है। वहीं, 52 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने मलेरिया की रोकथाम के लिए गांव में मेडिकल कैंप लगाया था। इसके बाद 71 लोगों को क्लोरोक्वीन की टेबलेट बांटी गई थीं। दवा लेने के बाद कुछ बच्चों और ग्रामीणों को पेट दर्द, उल्टी और चक्कर आने जैसी दिक्कतें होने लगीं थी। शुरुआत में कुछ मरीजों को लक्ष्मीपुरम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कुछ को तेलंगाना के भद्राचलम एरिया अस्पताल ले जाया गया। जिला प्रशासन ने गांव में मेडिकल कैंप लगाया है और डॉक्टरों की टीम तैनात की है।

एक एंटी-मलेरिया दवा है क्लोरोक्वीन

क्लोरोक्वीन एक एंटी-मलेरिया दवा है, जिसका इस्तेमाल कुछ प्रकार के मलेरिया के इलाज और कुछ परिस्थितियों में बचाव के लिए किया जाता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्लूएचओ) के मुताबिक, यह खास तौर पर पी. विवैक्स मलेरिया के इलाज में इस्तेमाल की जाती है।

मची अफरातफरी बंद किया गया ऑग्सबर्ग स्टेशन

जर्मनी में हमला! रेलवे स्टेशन के पास विस्फोट

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

दक्षिणी जर्मनी के ऑग्सबर्ग के एक रेलवे स्टेशन के पास विस्फोट होने और फिर वहां संदिग्ध वस्तु बरामद होने के बाद पुलिस ने बुधवार सुबह रेलवे स्टेशन बंद कर दिया। फिलहाल इस स्टेशन से ट्रेन का परिचालन नहीं हो रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, तड़के करीब तीन बजकर 15 मिनट पर स्टेशन के पास एक गलियारे में एक अज्ञात वस्तु में धमाका हुआ जिससे दो लोग मामूली रूप से घायल हो गए। जर्मन समाचार एजेंसी 'डीपीए' की खबर के मुताबिक घायल लोगों में 17 साल की एक लड़की और 18 साल का एक लड़का शामिल है। दोनों ही यूक्रेन के नागरिक हैं। 'डीपीए' के अनुसार, बाद में मुख्य स्टेशन पर ही एक और संदिग्ध वस्तु मिली जिसमें धमाका नहीं हुआ था। बवेरिया राज्य आपराधिक पुलिस कार्यालय के विस्फोटक विशेषज्ञ घटनास्थल पर जांच कर रहे हैं।



यातायात और सार्वजनिक परिवहन सेवाएं प्रभावित

पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि स्टेशन के आसपास सड़क पर यातायात और सार्वजनिक परिवहन सेवाएं प्रभावित हुई हैं। विस्फोट के बारे में अभी और जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है। ऑग्सबर्ग बवेरिया राज्य का एक शहर है जिसकी आबादी करीब 3.08 लाख है। यह म्यूनिख से लगभग 78 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित है।

चारधाम यात्रा : अगस्त में पहुंचे 2.31 लाख यात्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उत्तराखंड की चारधाम यात्रा ने अगस्त में नया रिकॉर्ड बनाया है। बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में इस महीने कुल 2,31,518 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। पिछले चार वर्षों में अगस्त के दौरान यह सबसे अधिक संख्या है। बारिश, भूस्खलन और कई जगह हाईवे बंद होने के बावजूद यात्रा जारी रही। इस साल चारधाम यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल से हुई थी। जुलाई में यात्रियों की संख्या की रफ्तार अपेक्षाकृत धीमी रही, लेकिन अगस्त में इसमें तेजी आई।

उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त 2025 की तुलना में इस बार 93,680 ज्यादा, जबकि अगस्त 2024 के मुकाबले 1,18,502 अधिक श्रद्धालु चारधाम पहुंचे।

बद्रीनाथ में सबसे ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे

अगस्त में चारों धामों में बद्रीनाथ श्रद्धालुओं की पहली पसंद रहा। यहां 1.25 लाख से अधिक लोगों ने दर्शन किए। वहीं केदारनाथ में भी तीन साल बाद अगस्त महीने में सबसे ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे। कोरोनाकाल के बाद अगस्त 2022 में चारधाम में 2 लाख 67 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे। इस साल अगस्त की संख्या उससे अलग है, लेकिन पिछले चार वर्षों में इसी महीने का सबसे बड़ा आंकड़ा दर्ज किया गया है।

तमिलनाडु में विजय सरकार ने लागू किया नया नियम

52 मंदिरों में स्मार्टफोन बैन, नो सेल्फी-नो रील

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु के 52 प्रमुख मंदिरों में अब स्मार्ट फोन नहीं ले जा सकेंगे। मंदिर परिसर में सेल्फी और रील बनाने पर भी पाबंदी लगा दी गई है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली सरकार ने यह पाबंदी मंगलवार से लागू कर दी है। हालांकि, बिना कैमरे वाले फ़ोन मंदिर परिसर के अंदर ले जाने की इजाज़त होगी। मंदिरों का प्रबंधन करने वाले हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग का हवाला देते हुए बताया कि नए नियमों के तहत, स्मार्टफ़ोन साथ लाने वाले श्रद्धालुओं को उन्हें मंदिर के प्रवेश द्वारों पर बने तय काउंटरों पर जमा करना होगा और इसके लिए प्रति फ़ोन 5 रुपये देने होंगे। एचआर एंड सीई विभाग के मंत्री एस. रमेश ने पहले विधानसभा में घोषणा की थी कि स्मार्टफ़ोन पर यह रोक 1 सितंबर से प्रमुख मंदिरों में लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस फ़ैसले का मकसद श्रद्धालुओं के लिए शांतिपूर्ण और सुकून भरा माहौल सुनिश्चित करना था। विभाग के अनुसार, ज़्यादा भक्त और आने वाले लोग मंदिरों के अंदर देवी-देवताओं और मूर्तियों की फ़ोटो और वीडियो लेने के लिए स्मार्टफ़ोन का इस्तेमाल कर रहे थे, कुछ लोग सेल्फ़ी भी ले रहे थे और सोशल मीडिया के लिए छोटे वीडियो और रील्स भी बना रहे थे। विभाग ने कहा कि इन गतिविधियों से मंदिरों का आध्यात्मिक माहौल खराब होता है और दूसरे भक्तों को परेशानी होती है। मंत्री ने यह भी कहा कि पलानी, तिरुचेंदूर, मदुरै और रामेश्वरम समेत कई बड़े मंदिरों में मोबाइल फोन पहले से ही प्रतिबंधित हैं।



फोन जमा करने का क्या होगा सिस्टम

स्मार्टफोन वाले भक्तों को 52 मंदिरों में बने काउंटरों पर अपने फोन जमा करने होंगे और प्रति फोन 5 रुपए का शुल्क देना होगा। उन्हें एक टोकन या रसीद मिलेगी, जिसे बाद में फोन वापस लेने के लिए दिखाना होगा। कर्मचारी फोन वापस करने से पहले फोन नंबर और अन्य जानकारी की जांच करेंगे। कांचीपुरम के देवराजस्वामी-अथी वरदार मंदिर में, कर्मचारी भक्त की फोटो, फोन मॉडल और नंबर भी रिकॉर्ड कर रहे हैं। तिरुवन्नामलाई के अरुणाचलेश्वर मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भी ऐसे ही काउंटर बनाए गए हैं।

पांच रुपए का चार्ज क्यों लगेगा?

एचआर एंड सीई विभाग ने बताया कि 5 रुपए की फ़ीस कमाई के जरिया के तौर पर नहीं ली जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, एस. रमेश ने कहा कि इस पैसे का इस्तेमाल फ़ोन-डिपॉज़िट सिस्टम को चलाने से जुड़े खर्चों को पूरा करने में किया जाएगा। इसमें 52 मंदिरों में अलग से स्टाफ़ की नियुक्ति और सिक्योरिटी लॉकर्स व अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाला खर्च शामिल है।

देश के इन मंदिरों में भी पाबंदी

- अयोध्या का राम मंदिर
- उत्तराखंड में स्थित केदारनाथ मंदिर
- दिल्ली का अक्षरधाम मंदिर
- यूपी का काशी विश्वनाथ मंदिर

रायपुर
गुरुवार 3 सितंबर 2026
भाद्रपद कृष्ण पक्ष सप्तमी
वर्ष : 25, अंक : 44
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 29
न्यून. 23.9

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

भारत में होगी पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी

14 से 28 फरवरी तक मुंबई-वडोदरा में होगा टूर्नामेंट



नई दिल्ली। पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी भारत में खेली जाएगी। आईसीसी ने बुधवार को इस पर मुहर लगा दी है। छह टीमों का यह टूर्नामेंट 14 से 28 फरवरी 2027 तक मुंबई और वडोदरा में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका खेलेंगी।
-देखें खेल पेज



अटेंडेंस एप पर भड़की टीचर

कहा-नेता और अफसरों पर भी लागू हो नियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के नवागढ़ ब्लॉक से एक शिक्षिका का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें वे स्कूलों में लागू किए गए नए ऑनलाइन अटेंडेंस ऐप का खुलकर विरोध करती नजर आ रही हैं। वायरल वीडियो में शिक्षिका ने छत्तीसगढ़ी भाषा में शासन-प्रशासन पर तीखे सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि अटेंडेंस ऐप के माध्यम से शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है। यदि शिक्षकों के लिए समय पर उपस्थिति अनिवार्य है तो यह नियम सभी विभागों, नेताओं और अधिकारियों पर भी समान रूप से लागू होना चाहिए। वीडियो में शिक्षिका ने सरकार को चेतावनी तक दे डाली। इसके साथ ही उन्होंने सड़कों पर घूम रहे मवेशियों की समस्या का भी जिक्र किया। यह वीडियो दिनभर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना रहा। ⏭ शेष पेज 7 पर



छत्तीसगढ़ी में सरकार को दी चेतावनी, सड़कों पर मवेशियों का मुद्दा भी उठाया, डीईओ ने दिया नोटिस

हो रही है कार्रवाई

*नवागढ़ ब्लॉक के तुलसी हाईस्कूल में पदस्थ व्याख्याता का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें अनुशासनहीनता दिख रही है। इस मामले में नोटिस जारी कर कार्रवाई की जा रही है। -**अशोक सिन्हा**, डीईओ, जांजगीर-चांपा*

एम्स रायपुर के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राधाकृष्णन, 689 विद्यार्थियों को मिली डिग्री

उपराष्ट्रपति बोले-राजनीतिक इच्छाशक्ति से खत्म हुआ नक्सलवाद, अब नए युग की ओर छत्तीसगढ़

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खात्मे के पीछे दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और मजबूत सुरक्षा नीति रही है। एम्स रायपुर के दीक्षांत समारोह में परीक्षार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने छग में बदलाव और विकास के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को श्रेय दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

श्री राधाकृष्णन बुधवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रायपुर के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह दीक्षांत समारोह केवल उत्सव का क्षण नहीं है, बल्कि जिम्मेदारी का भी अवसर है। "आज युवाओं को जो डिग्रियां मिल रही हैं और कल इससे कहीं अधिक मूल्यवान जिम्मेदारी सौंपी जाएगी- भारत की जनता का स्वास्थ्य, विश्वास और जीवन।"

उपराष्ट्रपति ने कहा कि 2012 में स्थापना के बाद से एम्स रायपुर ने मध्य भारत में स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान से जुड़ी क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने में ⏭ शेष पेज 7 पर



376 महिलाओं, 313 पुरुषों को डिग्री

उपराष्ट्रपति ने उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी में हुई उल्लेखनीय वृद्धि का भी उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014-15 में महिला नामांकन जहां 1.57 करोड़ था, 2023-24 में यह बढ़कर अब 2.24 करोड़ हो गया, जो 42.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। एम्स रायपुर के दीक्षांत समारोह में भी 376 महिलाओं और 313 पुरुषों को डिग्री मिली है।

16 पुरस्कार भी

दीक्षांत समारोह का प्रमुख आकर्षण विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विज्ञान पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले विद्यार्थियों को 689 डिग्री प्रमाण-पत्रों का वितरण रहा। उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 16 पुरस्कार भी प्रदान किए गए। यह अवसर विद्यार्थियों, उनके परिवारों, शिक्षकों और पूरे एम्स रायपुर परिवार के लिए गर्व और खुशी का क्षण रहा।

विश्वास और सम्मान जरूरी : राज्यपाल

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा केवल ज्ञान और कौशल तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें धैर्य, करुणा और गहरी जिम्मेदारी की भावना भी आवश्यक है। चिकित्सा का वास्तविक उद्देश्य मानवता की सेवा है और एक चिकित्सक की श्रेष्ठता केवल ⏭ शेष पेज 7 पर

पंडो-पहाड़ी कोरवा आबादी में फैला बुखार, 72 बीमार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

सरगुजा में इन दिनों पंडो एवं पहाड़ी कोरवा ग्रामीणों में लेप्टोस्पायरोसिस और स्क्रब टाइफस के मामले सामने आए हैं। संभाग से तक मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऐसे 72 मरीजों को भर्ती कराया गया है। इनमें लगभग 40 ग्रामीणों में स्क्रब टाइफस और 32 ग्रामीणों में लेप्टोस्पायरोसिस की पुष्टि हुई थी। राहत की बात यह है कि फिलहाल सभी मरीजों का उपचार कर उन्हें छुट्टी दे दी गई है। बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज ⏭ शेष पेज 7 पर

- सरगुजा के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुआ उपचार

जानवरों से फैलती है बीमारी

डॉ. टेंभुर्णीकर के अनुसार लेप्टोस्पायरोसिस और स्क्रब टाइफस जानवरों से फैलने वाली बीमारी है। लेप्टोस्पायरोसिस चूहे, कुत्ते या अन्य जंगली जानवरों के पेशाब से फैलता है जबकि स्क्रब टाइफस एक जूनोटिक बीमारी है। जूनोटिक बीमारी में जनवरों के शरीर में पाए जाने ⏭ शेष पेज 7 पर



नई सोनालीका गोल्ड सीरीज़ जो दे श्रेणी का सबसे बड़ा 3,532cc इंजन - दमदार ताकत, शानदार अंदाज़ , भरोसेमंद परफॉर्मेंस का नया गोल्ड स्टैंडर्ड

30 वर्षों से किसानों के विश्वास और प्रगति का साथी सोनालीका, खेती की हर बदलती जरूरत के साथ किसानों को 'जीतने का दम' देता आया है । इसी भरोसेमंद विरासत को आगे बढ़ाते हुए सोनालीका लेकर आया है नई गोल्ड सीरीज़ — दमदार ताकत, आधुनिक तकनीक, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और आकर्षक स्टाइल का शानदार संगम। यह है बड़े काम का बड़ा ट्रैक्टर क्यूंकि इसमें है 3 सिलेंडर का सबसे बड़ा 3532 CC ताकतवर इंजन, जो हर चुनौतीपूर्ण काम को दमदार काम देता है।

इसका उन्नत 16+4 और 12+3 मल्टी स्पीड ट्रांसमिशन, दमदार लिफ्ट क्षमता और जेटलाइन थ्रोटल के साथ हर काम में 'खरा सोना' जैसे किसान का भरोसेमंद साथी है| ये आज खेती का एक भरोसेमंद साथी तो है ही और साथ ही साथ गोल्ड की तरह भविष्य के लिए खेती में एक सुरक्षित निवेश भी है क्यूंकि ये हर बड़े इम्प्लीमेंट को चलाने में सक्षम है।

दमदार काम के लिए 30 साल से सोनालीका नई गोल्ड सीरीज़ 6 साल की वारंटी देता है जो बनाये इसे खेती का नया गोल्ड स्टैंडर्ड, ऐसा जो हर काम के लिए दे 'जीतने का दम'।

इंतज़ार ख़त्म, 'हैवी ड्यूटी दमदार धमाका' शुरू - इस बार जीतो सोनालीका गोल्ड ट्रैक्टर"

सोनालीका लौट आया है अपने साल के सबसे बड़े ऑफर — 'सोनालीका हैवी ड्यूटी दमदार धमाका' के साथ। इस बार सोनालीका के दमदार ट्रैक्टर के साथ किसानों का इंतज़ार कर रहे हैं शानदार उपहार जीतने के मौके, और इस दमदार धमाका का सबसे बड़ा आकर्षण है सोनालीका गोल्ड सीरीज़ ट्रैक्टर जीतने का सुनहरा मौका! यानी इस त्योहारी सीज़न खेत के लिए चुनिए सोनालीका की दमदार ताकत, आधुनिक तकनीक और भरोसेमंद परफॉर्मेंस और साथ ही पाएं अपनी ट्रैक्टर खरीद को और भी खास बनाने का मौका।

जुताई हो, बुआई हो, ढुलाई हो या खेती का कोई मुश्किल काम — सोनालीका के नए तकनीक के ट्रैक्टर्स हर चुनौती में किसान का दमदार साथ निभाते हुए देते हैं पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए 'जीतने का दम'। और जब दमदार ट्रैक्टर के साथ बेहतरीन शानदार उपहार और गोल्ड ट्रैक्टर जीतने का मौका भी मिले, तो इंतज़ार कैसा? आज ही अपने नज़दीकी सोनालीका डीलरशिप पर आइए, अपना पसंदीदा ट्रैक्टर चुनिए और बनिए 'सोनालीका हैवी ड्यूटी दमदार धमाका' का हिस्सा। क्योंकि इस बार सोनालीका के साथ खेत में मिलेगा 'जीतने का दम' और खुशियों को गोल्ड बनाने का मौका!

चिंतन

पारदर्शिता और व्यवस्था दुरुस्त करने की चुनौती



मुद्दा
राजकुमार सिंह

अयोध्या में राममंदिर का निर्माण करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा ऐतिहासिक अध्याय है। मंदिर के भव्य स्वरूप के साथ यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। जाहिर है, इतने बड़े धार्मिक केंद्र का संचालन अब केवल परंपरागत व्यवस्था के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता, चढ़ावे की सुरक्षा और प्रशासनिक कामकाज के लिए ऐसी व्यवस्था चाहिए, जिसमें अनुशासन के साथ पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित हो। पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा को राममंदिर ट्रस्ट का पहला मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनाया जाना इसी आवश्यकता के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। जितेंद्र मिश्रा लंबे समय तक वायुसेना में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पश्चिमी वायु कमान का नेतृत्व करने और सैन्य सेवा में व्यापक प्रशासनिक अनुभव रखने वाले अधिकारी के सामने अब एक अलग तरह की चुनौती है। सेना में निर्णय प्रक्रिया स्पष्ट होती है, जिम्मेदारियां निर्धारित होती हैं और अनुशासन सर्वोच्च होता है। मंदिर प्रशासन में भी इन गुणों की जरूरत है, लेकिन यहां धार्मिक परंपराओं, श्रद्धालुओं की भावनाओं और स्थानीय संवेदनशीलताओं का ध्यान रखते हुए व्यवस्था को आगे बढ़ाना होगा। इसलिए उनकी नियुक्ति का मूल्यांकन केवल उनके सैन्य अनुभव से नहीं, बल्कि इस अनुभव को धार्मिक संस्थान की जरूरतों के अनुरूप ढालने की क्षमता से होगा। यह बदलाव ऐसे समय हुआ है, जब मंदिर में चढ़ावे की चोरी का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठे। चढ़ावे की चोरी का अर्थ केवल धन की चोरी नहीं है। मंदिर में श्रद्धालु अपनी श्रद्धा से दान करता है। उसे भरोसा होता है कि उसकी ओर से अर्पित राशि सुरक्षित रहेगी और धार्मिक तथा सामाजिक कार्यों में उचित ढंग से इस्तेमाल होगी। इस भरोसे में किसी भी प्रकार की सेंध मंदिर प्रशासन के लिए गंभीर विषय है। इसलिए अब सबसे पहली प्राथमिकता ऐसी व्यवस्था बनाना होनी चाहिए, जहां अनियमितता की संभावना कम से कम हो और किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में जिम्मेदारी तय की जा सके। तकनीक का इस्तेमाल निगरानी के लिए किया जा सकता है, लेकिन तकनीक तभी प्रभावी होगी जब उसके साथ मानवीय जवाबदेही भी तय हो। राममंदिर प्रशासन के सामने दूसरी बड़ी चुनौती बढ़ती भीड़ है। विशेष पर्वों और धार्मिक आयोजनों के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की स्थिति बन सकती है। ऐसे में प्रवेश और निकास, दर्शन की कतार, सुरक्षा, चिकित्सा सहायता, पेयजल और यातायात प्रबंधन के लिए पहले से मजबूत योजना जरूरी है। पहली महिला ट्रस्टी की नियुक्ति से प्रतिनिधित्व का दायरा बढ़ा है। अलग-अलग क्षेत्रों का अनुभव रखने वाले लोगों की मौजूदगी ट्रस्ट के निर्णयों को व्यापक दृष्टिकोण दे सकती है। लेकिन किसी भी संस्था की मजबूती केवल पदाधिकारियों के अनुभव से नहीं, बल्कि उसकी कार्यप्रणाली से तय होती है। निर्णयों में पारदर्शिता और जिम्मेदारी की स्पष्ट व्यवस्था जरूरी है। इसलिए नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल मंदिर की व्यवस्था संभालने की नहीं, बल्कि विश्वास को मजबूत करने की है। सैन्य अनुशासन, आधुनिक तकनीक और बेहतर प्रबंधन तभी सार्थक होंगे, जब उनके केंद्र में पारदर्शिता और जवाबदेही होगी। राममंदिर की भव्यता जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही महत्वपूर्ण उसकी व्यवस्था की विश्वसनीयता भी है।

भाजपा-अकाली गठबंधन की आहट

पंजाब में विधानसभा चुनाव अगले साल फरवरी में होने हैं, लेकिन राजनीतिक समीकरण अभी से बदलने लगे हैं। पंजाब में भाजपा को बड़ा राजनीतिक खिलाड़ी नहीं माना जाता, लेकिन उसके छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने लगातार दूसरी बार पंजाब विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष पद पर जीत हासिल कर सबको चौंका दिया है। इस जीत का राजनीतिक अर्थ तब और बड़ा हो जाता है, जब पता चले कि पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) का छात्र संगठन दूसरे और सत्ता की प्रबल दावेदार कांग्रेस का छात्र संगठन एनएसयूआई तीसरे स्थान पर रहा। जुलाई में जंतर-मंतर पर 'जेन जी' आंदोलन से बने माहौल के मद्देनजर यह जीत भाजपा के लिए बेहद राहतकारी है।

सीमावर्ती राज्य पंजाब में विधानसभा चुनाव अगले साल फरवरी में होने हैं, लेकिन राजनीतिक समीकरण अभी से बदलने लगे हैं। पंजाब में भाजपा को बड़ा राजनीतिक खिलाड़ी नहीं माना जाता, लेकिन उसके छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने लगातार दूसरी बार पंजाब विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष पद पर जीत हासिल कर सबको चौंका दिया है। इस जीत का राजनीतिक अर्थ तब और बड़ा हो जाता है, जब पता चले कि पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) का छात्र संगठन दूसरे और सत्ता की प्रबल दावेदार कांग्रेस का छात्र संगठन एनएसयूआई तीसरे स्थान पर रहा।

जुलाई में जंतर-मंतर पर 'जेन जी' आंदोलन से बने माहौल के मद्देनजर यह जीत भाजपा के लिए बेहद राहतकारी है। बेशक पिछली बार एबीवीपी ने अकेले दम ही जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार उसे शिरोमणि अकाली दल के छात्र संगठन सोई का समर्थन आगामी विधानसभा चुनाव की बाबत राजनीतिक संकेत भी माना जा रहा है। पिछले दिनों अकाली दल प्रधान सुखबीर सिंह बादल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद से ही राजनीतिक गलियारों में भाजपा-अकाली गठबंधन की चर्चाएं जोर पकड़ने लगी हैं। मोदी सरकार के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बने परिसीमन विधेयक के समर्थन का ऐलान भी अकाली दल कर चुका है। बेशक भाजपा के संगठन महासचिव बीएल संतोष और पंजाब के प्रभारी बनाए गए सतीश पूनिया सभी 117 विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का इरादा दोहरा रहे हैं, लेकिन जमीनी समीकरण बहुत अनुकूल नजर नहीं आता। दशकों तक गठबंधन में रहे भाजपा-अकाली कई बार पंजाब में सरकार बना चुके हैं, लेकिन विवादास्पद कृषि कानूनों के विरुद्ध लंबे चले किसान आंदोलन के चलते दोनों की दोस्ती टूट गई। उन कृषि कानूनों की वापसी के बाद परस्पर विवाद का कोई कारण नहीं बचा। फिर 2022 के पिछले विधानसभा चुनाव में दोनों दल अकेले लड़ कर अपनी-अपनी ताकत भी आंक चुके हैं। अकाली दल मात्र तीन सीट जीत पाया तो भाजपा दो। तब कैप्टन अमरेंद्र सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस और अकाली दल (संयुक्त) के साथ गठबंधन कर भाजपा 73 सीटों पर लड़ी थी। शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन में भाजपा 23 सीटों पर लड़ती रही, जिनमें सबसे ज्यादा 19 उसने 2017 के लोकसभा चुनाव में जीती थीं।

बेशक, 2024 के लोकसभा चुनाव में बिना कोई सीट जीते ही भाजपा ने मत प्रतिशत में छलांग लगाई, पर सिर्फ उसके बल पर राज्य में सत्ता का सपना साकार नहीं हो सकता। भाजपा का पूरा चुनावी गणित इस बात पर निर्भर नजर आता है कि बहुकोणीय मुकाबले में वह अपना हिंदू वोट बैंक एकजुट रख पाएगी, लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि पंजाब में दूसरी बड़ी ताकत कांग्रेस को भी बड़ी संख्या में हिंदू मत मिलते रहे हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में सिख मतदाताओं पर मजबूत पकड़ वाला अकाली दल और खासकर शहरी क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं की पसंद भाजपा मिलकर पंजाब में विजयी समीकरण बनाते रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों में दोनों के बीच दूरियां बढ़ती गई। इस बीच आप के चमत्कारिक उभार से अकाली दल और भाजपा राज्य की राजनीति में तीसरे और चौथे स्थान पर फिसल गई हैं। फिर पिछले



लोकसभा चुनाव में 'वारिस पंजाब दे' के नाम पर अमृतपाल सिंह की जीत ने भी पंजाब की बाबत चिंताजनक संकेत दिए हैं। इसलिए भी इस बार के विधानसभा चुनाव पंजाब की राजनीतिक दिशा तय करने में बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। पिछले विधानसभा या लोकसभा चुनाव को संकेतक मानें, तस्वीर यही उभरती है कि सत्तारूढ़ आप को मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ही चुनौती दे सकता है, लेकिन दोनों में अंतकर्लह कम नहीं। आप के सात राज्यसभा सांसद भाजपा का कमल थाम चुके हैं। बेशक उनमें से कोई भी जनाधारवाला नेता नहीं है, लेकिन बड़े पैमाने पर होने वाले दलबदल माहौल बनाने-बिगाड़ने में मददगार होते हैं, खासकर तब जब आलाकमान के करीबी ही पाला बदल गये हों। उधर, पिछले विधानसभा चुनाव से पहले अपना घर खुद ही तहस-नहस कर लेने वाली कांग्रेस में भी सब कुछ ठीक नहीं है। भाजपा से आए नवजोत सिंह सिद्धू पर प्रियंका गांधी के वरदहस्त के चलते पहले तो पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष सुनील जाखड़ को इस्तीफा देना पड़ा और फिर मुख्यमंत्री पद से कैप्टन अमरेंद्र सिंह की भी अपमानजनक विदाई हुई। सिद्धू प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने में तो सफल हो गए, लेकिन मुख्यमंत्री पद पर चरणजीत सिंह चन्नी का दांव लग गया। हालांकि वह विधायकों की पसंद नहीं थे, पर दलित होना उनके पक्ष में गया, लेकिन वह दोनों विधानसभा सीट से खुद चुनाव हार गये। उसके बाद लोकसभा चुनाव जीतने में सफल रहे चन्नी अब कांग्रेस पर खुल कर दबाव बना रहे हैं कि उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाये या फिर 'मुख्यमंत्री चेहरा' घोषित किया जाये, लेकिन बात बन नहीं रही। चन्नी की भाजपा से नजदीकियों की भी चर्चा है। अभी कह पाना जल्दबाजी होगी कि चन्नी भाजपा में शामिल होंगे या अलग दल बनायेंगे, लेकिन कांग्रेस में उनकी पारी लंबी नहीं बची है। बड़ी संख्या में दलित कांग्रेस को वोट देते रहे हैं। इसलिए चन्नी का 'दलित कार्ड' कांग्रेस को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचायेगा। वैसे इस बीच मायावती की बसपा का अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान भी अंततः कांग्रेस को ही नुकसान पहुंचाएगा। 2022 के विधानसभा चुनाव में बसपा, शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन कर 20 सीटों पर लड़ी थी और नवांशहर की सीट जीतने में सफल भी रही थी। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि देश में सबसे ज्यादा 32 प्रतिशत दलित आबादी पंजाब में होने के बावजूद बसपा वहां कभी बड़ी राजनीतिक ताकत नहीं बन पाई, जबकि वह उसके संस्थापक कांशीराम का गृह राज्य भी है। जाहिर है, पंजाब में बहुकोणीय चुनावी मुकाबले की तस्वीर उभर रही है, लेकिन उसका लाभ सिर्फ भाजपा को ही मिलने की कोई गारंटी नहीं। ऐसे में सत्ता के लिए मुख्य चुनावी मुकाबला आप और कांग्रेस के बीच ही होने से रोकने के लिए भी भाजपा-अकाली गठबंधन जरूरी लगता है। बेशक, अब गठबंधन पुरानी शर्तों पर नहीं हो सकता, जब अकाली दल 94 और भाजपा मात्र 23 सीटों पर चुनाव लड़ती थी।

जाहिर है, सभी 117 सीटों पर अकेले लड़ने की हुंकार भरने वाली भाजपा बराबर की हिस्सेदारी के लिए दबाव बनाएगी, पर वह बंटबारा भी न सिर्फ इन दोनों, बल्कि पंजाब के लिए भी अच्छा साबित होगा। सुखबीर सिंह बादल का शिरोमणि अकाली दल जहां ग्रामीण क्षेत्रों और खासकर सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं भाजपा शहरी क्षेत्रों और खासकर हिंदू समुदाय का। ऐसे में दोनों के बीच गठबंधन की बहाली पंजाब में राजनीतिक के साथ ही सामाजिक एकता को भी मजबूत करेगी। बेशक पंजाब आतंकवाद की अंधेरी सुरंग से निकल आया है, लेकिन अभी भी देश-विदेश में बैठे कुछ विघ्नसंतोषी तत्व फिर से माहौल बिगाड़ने के खतरनाक मंसूबे पाले हुए हैं, जिन्हें नाकाम करने के लिए राज्य में मजबूत सरकार और सामाजिक समरसता जरूरी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा




नेपाल त्रासदी : भावी संकट की पूर्व चेतावनी

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि दुनिया के देशों के लिए नेपाल त्रासदी को हल्के में लेना बड़ी भूल होगी। 2020 की कनाड़ा की रॉक स्लाइड और 2023 की सिक्किम में साउथ ल्होनक झील की ग्लेशियल फटने की घटना हमारे सामने हैं। यह कोई पहली या अंतिम घटनाएं नहीं हैं, अपितु देखा जाए तो यह समय रहते प्रयास नहीं किए गए तो ऐसी घटनाओं की आवृति जल्दी और अतिविनाशकारी होगी, इससे नकारा नहीं जा सकता। जलवायु परिवर्तन के कारण पिछले सालों में जिस तरह से प्रकृति का विकराल रूप देखने को मिल रहा है, वह चाहे तूफानों के रूप में हो, चाहे जंगलों में लगती आग के कारण हो, ग्लेशियरों के पिघलने की हो, भूकंपों की हो, बेमौसम आंधी-बरसात की हो या समुद्री तूफानों की बढ़ती फ्रिक्वेंसी की हो बेहद गंभीर हो जाती है। वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों की लगातार चेतावनी को नजरअंदाज करने का ही परिणाम है कि नेपाल जैसी त्रासदियां आम होती जा रही हैं। यह केवल नेपाल या इससे जुड़े क्षेत्र के लिए ही गंभीर हालात नहीं हैं अपितु अमेरिका, चीन, भारत सहित दुनिया के दस देश नेपाल जैसी त्रासदी के मुहाने पर खड़े हैं। यह भी सही है कि अभी तक भारत-नेपाल ही नहीं दुनिया के इस दायरें में आने वाला कोई भी देश इन आपदाओं से निपटने में पूरी तरह सक्षम नहीं हो सके हैं। जानकारों की मानें तो भारत, चीन, पाकिस्तान, पेरु के एक करोड़ 50 लाख लोग इनके दायरें में सीधे-सीधे आ रहे हैं। यह वह लोग हैं जो इन ग्लेशियलों के एक किलोमीटर से 10 किलोमीटर के दायरे में रह रहे हैं। आज ग्लोफ खतरे के दायरें में भारत, पाकिस्तान, कनाड़ा, पेरु, अमेरिका, चिली, इटली, नेपाल और कोलंबिया आए हुए हैं। आज संवाद या विचार का विषय यह नहीं रह गया है कि नेपाल त्रासदी में कितने लोगों ने अपनी जान गंवाई है या कितनी जन-धन हानि हुई है, अपितु यह हो जाता है कि इस तरह की त्रासदी से निपटने के लिए हम कहां तक तैयार हैं। सवाल यह भी है कि ऐसे हालात क्यों होते जा रहे हैं। उत्तराखंड त्रासदी हमारे सामने हैं और उस त्रासदी के परिणाम सामने होने के बावजूद लगभग साल दर साल भूस्खलन के मामले हर सीजन में सामने आ रहे हैं। यह साफ हो जाना चाहिए कि प्रकृति से एक सीमा से अधिक खिलवाड़ किया जाता है तो विकृति का सामना हमें करना ही पड़ेगा। जीवनदायी यही प्रकृति अपने विकराल रूप में पलटवार करती है। ऐसे में समय के साथ सबक लेना जरूरी हो जाता है। आज सारी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण की बात तो की जाती है, पर उस पर अमल पूरी तरह से हो नहीं पा रहा है। हालात यही रहे तो सदी के अंत तक समुद्र का जलस्तर दो मीटर तक बढ़ सकता है। दूसरी ओर अभी से समुद्र तटीय कई शहर डूबने की जद में आने की चेतावनियां दी जा रही हैं। यदि हम हिमालय क्षेत्र की ही बात करें तो सतलुज बेसिन में 2019 में 560 ग्लेशियल झीलें थी जो चार साल यानी 2023 तक 1048 हो गई हैं। नेपाल त्रासदी ग्लेशियल लेक आदटबर्स्ट फ्लड यानी की ग्लोफ का परिणाम है। साधारण शब्दों में कहा जाए तो यह ग्लेशियल झील के फटने का परिणाम है। ऐसा नहीं है कि वैज्ञानिक इन हालातों पर नजर नहीं रख रहे हों, बल्कि देखा जाए तो लीड्स विश्वविद्यालय के ग्लेशियल फ्लडिंग के विशेषज्ञ डॉ. जानाथन कारीविक पहले ही चेता चुके हैं। हमारे देश के ही राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एनडीएमए के विशेषज्ञों ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी को रिपोर्ट प्रस्तुत कर हालात से रूबरू कराने के साथ ही ठोस सुझाव भी दिए हैं। दरअसल, एक सीमा से अधिक प्रकृति से छेड़छाड़ का ही परिणाम इस तरह की त्रासदियां होती हैं। आज लाख चेतानें के बावजूद सतलुज बेसिन में बांधों के साथ साथ विद्युत परियोजनाओं सहित विकास परियोजनाओं का दखल बढ़ा है। एक सीमा से अधिक मानवीय दखल बढ़ी है। इससे तापमान में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होने के साथ ही अपशिष्ट भी फैल रहा है। दरअसल प्रकृति से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रुप से छेड़छाड़ बढ़ रही है। एनडीएमए ने साफ कहा है कि सतलुज बेसिन में नई परियोजनाओं की स्वीकृति से पहले उनके परिणामों का भली प्रकार से अध्ययन और विश्लेषण किया जाए। परिणामों का आकलन कर गुणावगुण के आधार पर निर्णय लिए जाएं। यह भी देखा जाए कि ऐसे स्थानों में मानवीय दखल को एक सीमित दायरे तक ही रखा जाए। इसके साथ ही जलवायु व पर्यावरण विशेषज्ञों का दायित्व अधिक हो जाता है और आवश्यकता होने पर प्रकृति को बचाने के लिए इस क्षेत्र में कार्य कर रहे गैरसरकारी संगठनों को भी आगे आना होगा। आपदा प्रबंधन को भी ऐसा सिस्टम विकसित करना होगा जिससे इस तरह की घटनाओं की समय रहते चेतावनी मिल सके ताकि कम से कम जन हानि को तो बचाया जा सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा।

स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला-अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया-भाई! डंक मारना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

अंतर्मन

सी पी आई की अमरजीत कौर का पीएम मोदी पर विवादित बयान



आज की पाती

बीमारियों का बड़ा कारण पौष्टिक आहार से दूरी

एक सितंबर से सात सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जा रहा है। आम लोगों को खानपान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मार्च 1975 में एडीए (अमेरिकन डायटेटिक एसोसिएशन, अब न्यूट्रिशन और डाइट साइंस अकैडमी) ने राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाने की शुरुआत की थी। हमारे देश में इसकी शुरुआत वर्ष 1982 में हुई थी। अब हर राष्ट्रीय पोषण सप्ताह हर वर्ष 1 सितंबर से 7 सितंबर तक मनाया जाता है। हम खाने को जो मर्जी खा लें, लेकिन जो खाना हमारे शरीर के लिए उपयोगी न हो या तरह-तरह के स्वादिष्ट भोजन करने के बावजूद हमें कोई न कोई छोटी बड़ी बीमारी परेशान करती रहती है, तो हमें यह समझ लेना चाहिए कि हम जो कुछ खा रहे हैं वो हमारे शरीर के लिए उचित नहीं है। - *विक्रम शर्मा, रायगढ़*

ट्रेंड

आउटसोर्स कर्मचारी



उत्तर प्रदेश आउटसोर्स कर्मचारियों के हितों की रक्षा, सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने और पारदर्शी मानव संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा देने की दिशा में एक नई शुरुआत की है। आउटसोर्स कर्मचारियों को चेक भी बांटे हैं।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उत्तरप्रदेश

पोर्टल लॉन्च



आज मंत्रालय में 'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' पोर्टल लॉन्च किया गया। इस अभियान के चार सप्ताह सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं। इसके माध्यम से जन-प्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच समन्वय से जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है।
- **डॉ. मोहन यादव,** सीएम, मध्यप्रदेश

ओछी मानसिकता



मध्य प्रदेश के प्रतिष्ठित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को तीन हिस्सों में बांटना और उससे दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम हटाना बीजेपी सरकार की ओछी मानसिकता का प्रतीक है। कंप्यूटर युग की शुरुआत भी राजीव ने ही की थी। **-कमलनाथ,** पूर्व सीएम, मप्र

अलोकतांत्रिक तरीका



मेरे इतने लंबे राजनीतिक जीवन में ऐसा दुर्व्यवहार कभी नहीं हुआ। विधानसभा परिसर के बाहर पार्किंग से पहले ही हमें अलोकतांत्रिक तरीके से रोक दिया गया, ताकि इस सरकार की असलियत सामने न आ सके।
-भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पूर्व सीएम, हरियाणा

करंट अफेयर

एससीओ ने लाहौर को अपनी पर्यटन राजधानी किया घोषित

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) ने पाकिस्तान के सांस्कृतिक केंद्र लाहौर को 2026-27 के लिए 'पर्यटन और सांस्कृतिक राजधानी' घोषित किया है। यह घोषणा किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में एससीओ सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की 26वीं बैठक में की गई जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी शामिल हुए थे। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार 2022 से हर साल एससीओ के सदस्यों देशों के शहरों को बारी बारी से पर्यटन एवं सांस्कृतिक राजधानी का दर्जा दिया जाता है। इसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच लोगों के आपसी संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा देना है। साथ ही, यह उस देश की सांस्कृतिक विरासत को भी उजागर करता है जो संगठन का मौजूदा अध्यक्ष होता है। अध्यक्ष का पद भी बारी बारी से सदस्य देशों को मिलता है। पाकिस्तान ने इस साल एससीओ की अध्यक्षता संभाली है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इसकी अध्यक्षता की थीम 'दृष्टिकोण को कार्य में बदलना: संपर्क, नवाचार और साझा समृद्धि' तय की है। इस साल अप्रैल में एससीओ सदस्य देशों के पर्यटन विभागों के प्रमुख की बिश्केक में मुलाकात के दौरान लाहौर को यह दर्जा देने का फैसला किया गया।

ऑफ बीट

दिमाग की गतिविधियां पढ़ने वाले उपकरण जल्द होंगे आम

दिमाग की गतिविधियों को पढ़ने वाले ईयरबड अब विज्ञान-कथा की बात नहीं रह गए हैं और जल्द ही रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन सकते हैं।



विशेषज्ञों का दावा है कि इन उपकरणों के आम होने से ऐसी पीढ़ी विकसित हो सकती है, जो बचपन से ही न्यूरोटेक्नोलॉजी के साथ बड़ी होगी। न्यूरल तकनीक से जुड़े उपकरण बनाने वाली कंपनी 'न्यूरेबल' का दावा है कि उसके इलेक्ट्रोएन्सेफेलोग्राफी (ईईजी) सेंसर वाले हेडफोन थकान पर नजर रख सकते हैं और काम के दबाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। वहीं, 'नेक्स्टसेंस' के स्मार्टबड्स रात में दिमाग के विद्युत संकेतों को रिकॉर्ड कर नींद का विश्लेषण करते हैं और दिन में इन्हीं सेंसर की मदद से ये स्मार्टबड्स व्यक्ति के सबसे बेहतर प्रदर्शन वाले समय में कठिन काम तय करने में मदद करते हैं। इस तकनीक में बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां भी रुचि ले रही हैं। एप्पल ने 2023 में ऐसे एयरपॉड्स के लिए पेटेंट आवेदन दायर किया था, जिनमें दिमाग की गतिविधियां मापने वाले इलेक्ट्रोड शामिल हैं। करोड़ों ईयरबड पहले ही इस्तेमाल किए जा रहे हैं और एप्पल के इस क्षेत्र में प्रवेश से ईईजी तकनीक बड़े पैमाने पर आम लोगों तक पहुंच सकती है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

देशभर के खाद्य सचिवों की बैठक में फैसला

सेंट्रल पूल के लिए केंद्र छत्तीसगढ़ से लेगा 73 लाख मीट्रिक टन चावल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खरीफ सीजन 2026-27 में केंद्र सरकार सेंट्रल पूल के लिए छत्तीसगढ़ से 73 लाख मीट्रिक टन चावल लेगा। यही नहीं राज्य में पीएमजीकेएवाई और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत उन्नत चावल यानि हाई क्ववालिटी राइस दिया जाएगा। यह निर्णय देश भर के खाद्य सचिवों की दिल्ली में हुई बैठक में लिया गया है। इस बैठक में छत्तीसगढ़ की खाद्य सचिव भी शामिल हुईं थी। भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) के सचिव संजीव चोपड़ा ने 1 सितंबर को नई दिल्ली में राज्य खाद्य सचिवों की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में खाद्यान्न की खरीद, सार्वजनिक वितरण और भंडारण से संबंधित प्रमुख मुद्दों की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सचिवों और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के अधिकारियों ने भाग लिया।

गरीबों को मिलेगा उन्नत चावल

पीएमजीकेएवाई और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत गरीबों को अब उन्नत चावल दिया जाएगा। यह व्यवस्था 1 जनवरी 2027 से लागू होगी। अनुमोदित नीति के अनुसार खरीदे गए कच्चे चावल में 10% तक टूटे हुए दाने हो सकते हैं जो मौजूदा 25% की सीमा को प्रतिस्थापित करता है। पारबॉयल्ड चावल के लिए टूटे हुए दानों की सीमा 5% होगी जो मौजूदा 16% की सीमा को प्रतिस्थापित करती है। उन्नत चावल की खरीद केएमएस 2026-27 से शुरू होगी और खरीद करने वाले राज्यों में इसका धीरे-धीरे विस्तार किया जाएगा। राज्यों से अनुरोध किया गया था कि वे प्रसंस्करण क्षमता का आकलन करें आवश्यक उन्नयन की योजना बनाएं और कार्यान्वयन के लिए चरणबद्ध कार्य योजना तैयार करें।

मोटे अनाज, बाजरा और खरीद प्रौद्योगिकी

मोटे अनाज, बाजरा और छोटे बाजरा की खरीद एवं वितरण योजनाओं की समीक्षा की गई। सम्मेलन में बताया गया कि 2025-26 के दौरान 16.38 लाख मीट्रिक टन मोटे अनाज और बाजरा की खरीद की गई जो पिछले पांच वर्षों में दर्ज की गई सबसे अधिक खरीद है।

खपरगंज बवाल : मास्टर माइंड सहित 9 आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खपरगंज बवाल मामले में पुलिस ने एक पक्ष के मुख्य आरोपी सहित 9 लोगों को गिरफ्तार उनके पास से एक कट्टा व एयर पिस्टल बरामद किया है। आरोपियों का शहर में जुलूस निकालकर कोर्ट में पेश किया गया है, जहां से सभी को 11 सितंबर तक न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। 28 अगस्त की रात खपरगंज में हुए दो पक्षों के बीच विवाद व पथराव मामले में फरार गुण्डे खपरगंज निवासी सोहेल खान ने 1 सितंबर को कोनी थाने में सरेंडर कर दिया था। पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रात भर पुलिस ने लालखदान एवं अन्य क्षेत्रों में दबिश देकर उसके अन्य 8 साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं सोहेल के पास से एक देशी कट्टा व एयर पिस्टल जब्त की गई है। 2 सितंबर को कोतवाली पुलिस ने सोहेल सहित सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। जहां से सभी को 11 सितंबर तक न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व एक पक्ष से 8 व दूसरे पक्ष से 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इस तरीके अब तक 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी सोहेल खान से पूछताछ करने के बाद उसके अन्य 8 साथियों को गिरफ्तार एक कट्टा, एयर पिस्टल बरामद किया गया है। अब तक 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी के लिए पुलिस टीम लगी हुई है।

तेज रफ्तार स्कॉर्पियों से जा टकराई बाइक, भाई-बहन सहित 4 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

शिकारीमाहका-भोलापुर मार्ग में मंगलवार शाम नहर के पास स्कॉर्पियो वाहन एवं बाईक में हुए भीषण दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। घटनास्थल पर ही दो की मौत हुई वहीं गंभीर रूप से घायल एक युवती व एक बुजुर्ग की राजनांदगांव में मौत हो गई।

मंगलवार शाम लगभग शाम साढे 6 बजे भोलापुर से स्कॉर्पियो वाहन में एक मरीज को लेकर ईलाज के छुरिया ले जा रहा थे। जिसमें कमलदास बंजारे पिता अगनराम बंजारे 66 के साथ परिवार के पांच लोग और सवार थे। वहीं शिकारीमाहका की ओर से मोटर साइकिल में सवार तीन लोग जो भोलापुर मार्ग से गहिराभेड़ी अपने घर आ रहा था, तभी शिकारीमाहका-भोलापुर मार्ग में नहर के पास स्कॉर्पियो और बाइक में भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार एक युवक और एक युवती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई एवं एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

एनएच-43 जाम, डेढ़ घंटे बाधित रहा आवागमन

जर्जर सड़क के खिलाफ पूर्व मंत्री भगत ने किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर के बीच से होकर गुजरने वाली एनएच-43 की जर्जर सड़क को लेकर बुधवार को कांग्रेस और आम नागरिकों का आक्रोश सड़क पर दिखाई दिया। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने विश्रामगृह के सामने चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। करीब डेढ़ घंटे तक चले चक्काजाम के दौरान एंबुलेंस को छोड़कर अन्य वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रही। एसडीएम के लिखित आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त किया गया। भगत ने कहा कि भाजपा सरकार तीन साल में नगर से होकर गुजरने वाली महज तीन किलोमीटर सड़क भी नहीं बनवा पाई।

बारिश के बाद शुरू होगा नवीनीकरण

चक्काजाम समाप्त कराने के लिए एसडीएम ने लिखित आश्वासन दिया कि बारिश के बाद सड़क का नवीनीकरण कार्य शुरू कराया जाएगा और एक महीने के भीतर इसे पूरा कर लिया जाएगा। तब तक एनएच के अधिकारी समय-समय पर सड़क के गड्ढों की मरम्मत कराएंगे। आश्वासन के बाद कांग्रेसियों ने आंदोलन समाप्त किया और आवागमन बहाल हो गया। प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तिलक बेहरा, डॉ. लालचंद यादव, अधिवक्ता राजेश गुप्ता, अर्णव गुप्ता, संतोष गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

CGHIDB CHHATTISGARH HOUSING AND INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
www.cghb.gov.in

आवासीय एवं व्यवसायिक भवन प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

बुकिंग की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2026

www.cghb.gov.in → ONLINE BOOKING → BOOK PROPERTY ONLINE

सबके लिए आवास

नरदहा, रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
1	एच. आई. जी. - I (स्वतंत्र भवन) (3 बी. एच. के.)	2517.84	1654.35	1129.80	74.12	7.41
2	एच. आई. जी. - II (स्वतंत्र भवन) (3 बी. एच. के.)	2041.71	1014.99	996.91	60.20	6.02

सम्पर्क सूत्र - 0771-4903223, 9424209041, 7898710154, 9907840881, 9993339779, 8269069091

सेक्टर-01, शंकर नगर, रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजना अंतर्गत ऑफिस हॉल एवं कार्यालय उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
3	ऑफिस हॉल नं. 116 प्रथम तल	363.15	60.00	6.00
4	स्टुडियो अपार्टमेंट (1 बी.एच.के.) नं. 204,217 द्वितीय तल	382.52	43.15	4.32
5	ऑफिस हॉल नं. 212 द्वितीय तल	576.74	64.78	6.48
6.	कैफेटेरिया नं. 420 चतुर्थ तल	424.70	38.82	3.88
7.	कैफेटेरिया नं. 320 तृतीय तल	424.70	44.48	4.45

सम्पर्क सूत्र - 0771-4903223, 9424209041, 7898710154, 9907840881, 9993339779, 8269069091

पिरदा, रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजना अंतर्गत प्रकोष्ठ भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
8	एम. आई. जी. फ्लैट एस+3 (2 बी. एच. के.)	792.47	786.02	25.42	2.54

सम्पर्क सूत्र - 0771-4903223, 9424209041, 7898710154, 9907840881, 9993339779, 8269069091

खम्हारडीह, रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना अंतर्गत प्रकोष्ठ भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
9	एल. आई. जी. फ्लैट (2 बी. एच. के.)	542.41	450.20	21.53	0.50

सम्पर्क सूत्र - 0771-4903223, 9424209041, 7898710154, 9907840881, 9993339779, 8269069091

शंकर नगर सरहद फेस-II, रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजना अंतर्गत प्रकोष्ठ भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
10.	एम. आई. जी. फ्लैट (2 बी. एच. के.)	1139.05	942.25	831.21	75.90	7.59
11.	एल. आई. जी. फ्लैट (2 बी. एच. के.)	737.49	556.83	491.84	44.25	0.50

सम्पर्क सूत्र - 0771-4903223, 9424209041, 7898710154, 9907840881, 9993339779, 8269069091

कचना फेस-I, रायपुर, में निर्मित सामान्य आवास योजना अंतर्गत प्रकोष्ठ भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	सुपर बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
12.	एच. आई. जी. फ्लैट (3 बी.एच के.)	1273.87	983.46	58.96	5.90
13.	एम. आई. जी. फ्लैट (2 बी.एच के.)	1091.92	666.25	52.35	5.24
14.	ई. डब्ल्यू. एस. फ्लैट (1 बी.एच के.)	-	349.48	11.43	0.25

सम्पर्क सूत्र - 0771-4903223, 9424209041, 7898710154, 9907840881, 9993339779, 8269069091

नरदहा, रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजना अंतर्गत स्वतंत्र / प्रकोष्ठ भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
15	एम. आई. जी. (स्वतंत्र 3 बी. एच. के.)	1119.04	1337.46	661.30	50.10	5.01
16	ई. डब्ल्यू. एस. फ्लैट (1 बी. एच. के.)	-	349.26	305.90	10.70	0.25

सम्पर्क सूत्र - 0771-4903223, 9424209041, 7898710154, 9907840881, 9993339779, 8269069091

मुनगी फेस-II, रायपुर में निर्मित अटल आवास योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
17	अटल आवास (1 बी. एच. के.)	558.87	280.00	222.08	3.27 से 3.29	0.25

सम्पर्क सूत्र - 0771-4903223, 9424209041, 7898710154, 9907840881, 9993339779, 8269069091

सेक्टर-04, सड्डू, रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजना अंतर्गत प्रकोष्ठ भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
18	एम. आई. जी. फ्लैट (2 बी. एच. के.)	672.18	531.11	28.43	2.84
19	एम. आई. जी. फ्लैट (2 बी. एच. के.)	794.73	531.11	33.58	3.36

सम्पर्क सूत्र - 0771-4903223, 9424209041, 7898710154, 9907840881, 9993339779, 8269069091

सेक्टर-08, सड्डू, रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजना अंतर्गत ऑफिस हॉल एवं दुकान उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	हॉल एवं दुकान का ऑफसेट मूल्य(रु लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
20	ऑफिस हॉल	1123.88	1048.45	83.70	8.37
21	दुकान	-	282.45	16.69	1.67

सम्पर्क सूत्र - 0771-4903223, 9424209041, 7898710154, 9907840881, 9993339779, 8269069091

नरदहा, रायपुर में प्रस्तावित सामान्य आवास योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
22	एल. आई. जी. (स्वतंत्र 2 बी. एच. के.)	903.84	633.76	490.00	17.77	0.50

सम्पर्क सूत्र - 0771-4903223, 9424209041, 7898710154, 9907840881, 9993339779, 8269069091

मुनगी, रायपुर में प्रस्तावित सामान्य आवास योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
23	एल. आई. जी. (स्वतंत्र 1 बी. एच. के.)	899.75	428.57	359.60	9.98 से 10.44	0.50

सम्पर्क सूत्र - 0771-4903223, 9424209041, 7898710154, 9907840881, 9993339779, 8269069091

सूर्या अपार्टमेंट, कटोरा तालाब, रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजना अंतर्गत प्रकोष्ठ भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
24	44 बी. टाईप फ्लैट (तृतीय तल) (2 बी. एच. के.)	881.56	-	123.88	12.39

सम्पर्क सूत्र - 0771-4903223, 9424209041, 7898710154, 9907840881, 9993339779, 8269069091

कचना फेस-2, रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजना अंतर्गत प्रकोष्ठ भवन/दुकान उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
25	ई. डब्ल्यू. एस. (जी+3) (1 बी. एच. के.)	446.75	-	25.26	0.25
26	दुकान	659.69		97.71	9.77

सम्पर्क सूत्र - 0771-4903223, 9424209041, 7898710154, 9907840881, 9993339779, 8269069091

शंकर नगर, रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजना अंतर्गत प्रकोष्ठ भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
27	डी टाईप हाऊस / फ्लैट (1 बी. एच. के.)	331.80 से 666.25	-	21.06 से 40.67	0.25

सम्पर्क सूत्र - 0771-4903223, 9424209041, 7898710154, 9907840881, 9993339779, 8269069091

इंद्रावती कालोनी, रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजना अंतर्गत दुकान उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
28	दुकान	125.25 से 181.41	-	11.32 से 16.70	1.13 से 1.67

सम्पर्क सूत्र - 0771-4903223, 9424209041, 7898710154, 9907840881, 9993339779, 8269069091

सेजबहार, फेस-II, रायपुर में प्रस्तावित सामान्य आवास योजना अंतर्गत प्रकोष्ठ भवन/दुकान उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
29	एम. आई. जी. फ्लैट (2 बी.एच.के.)	745.56 से 1130.02	607.83 से 899.43	25.52 से 37.54	2.55 से 3.75
30	दुकान	95.12 से 157.31	89.52 से 141.17	15.61 से 25.71	1.56 से 2.57

सम्पर्क सूत्र - 8817637003, 8817282979, 8770956881, 9926752769, 9753266721, 9424209043

बोरियाकला में निर्मित सामान्य आवास योजना अंतर्गत स्वतंत्र दुकान उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
31	दुकान	138.05 से 177.54	138.05 से 177.54	138.05 से 177.54	10.32 से 13.22	1.03 से 1.32

सम्पर्क सूत्र-8817637003, 8889229851, 9754765020, 7489338740, 8817282979, 9617534299, 9907449881, 9926752769, 9753266721

सेक्टर-29, नवा रायपुर अटल नगर में निर्मित सामान्य आवास योजना अंतर्गत प्रकोष्ठ भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
32	एच. आई. जी. फ्लैट, प्रथम तल (3 बी.एच.के.)	1154.33	786.02	52.72	5.27
33	एम. आई. जी. फ्लैट, मीड तल (2 बी.एच.के.)	810.23	517.77	35.40	3.54
34	एम. आई. जी.- I फ्लैट, मीड तल (1 बी.एच.के.)	534.77	346.02	19.73 से 19.88	1.97 से 1.99

सम्पर्क सूत्र - 9340036657, 7697777082, 9827158516, 9753672119, 9424230975, 9669928327, 7999815734

सेक्टर-29, नवा रायपुर अटल नगर में निर्मित सामान्य आवास योजना अंतर्गत दुकान उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध दुकान का प्रकार	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में)	दुकानों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
35	दुकान (तृतीय तल)	172.16 से 1166.06	154.94 से 1093.12	22.44 से 151.62	2.24 से 15.16

सम्पर्क सूत्र - 9340036657, 7697777082, 9827158516, 8319212181, 9424230975, 9479219397

तालपुरी, ब्लॉक सी, जिला-दुर्ग में प्रस्तावित सामान्य आवास योजना अंतर्गत प्रकोष्ठ भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
36	सैफ्रन 3 बी.एच.के., एच. आई. जी. प्रकोष्ठ भवन	1661.18	1351.13	57.20	5.72
37	लैवेंडर 2 बी.एच के., एच. आई. जी.- I प्रकोष्ठ भवन	1307.45	1012.08	52.82	5.28
38	मेरीगोल्ड 1 बी.एच.के., ई. डब्ल्यू. एस., प्रकोष्ठ भवन	366.38	322.58	9.91	0.25

सम्पर्क सूत्र - 8815450183, 9827927780, 8770579721, 9827999119, 9424284256

तालपुरी ब्लॉक-बी, दुर्ग में प्रस्तावित सामान्य आवास योजना अंतर्गत प्रकोष्ठ भवन/हॉल उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
39	सिनि.एम.आई.जी. फ्लैट टाईप-ए जी+3 (2 बी. एच. के.)	991.64	748.47	31.57 से 31.97	3.16 से 3.20
40	सिनि.एम.आई.जी. फ्लैट टाईप-सी जी+3 (2 बी. एच. के.)	869.41	796.78	27.68 से 28.08	2.77 से 2.81
41	जूनि.एम.आई.जी. फ्लैट पी+6 (2 बी. एच. के.)	785.48	663.35	26.22 से 27.27	2.62 से 2.73
42	हॉल	434.27	387.36	29.43	2.94
43	हॉल	296.33	268.46	20.15	2.02
44	हॉल	359.81	318.07	24.42	2.44

सम्पर्क सूत्र - 8815450183, 9827927780, 8770579721, 9827999119, 9424284256

कन्हारपुरी, जिला-धमतरी में निर्मित अटल आवास योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
45	ई. डब्ल्यू. एस. (1 बी.एच.के.)	550.37	279.97	191.96	3.77 से 3.81	0.25

सम्पर्क सूत्र - 8827667477, 9200192752, 7771805020, 9907749771, 7566633725, 7974333853

कौरिनभाठा में प्रस्तावित दीनदयाल आवास योजना (ग्रुप-09, 10) अंतर्गत प्रकोष्ठ भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
46	एल. आई. जी. फ्लैट (जी+3) (2 बी. एच. के.)	598.90	472.58	11.20 से 11.80	0.50

सम्पर्क सूत्र - 8319896556, 9827175003, 7647835037, 8319335305

मनकी (द्वितीय चरण), जिला-राजनांदगांव में निर्मित दीनदयाल आवास योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
47	एल. आई. जी. (स्वतंत्र 1 बी. एच. के.)	899.75	430.00	311.51	8.82	0.50

सम्पर्क सूत्र - 8319896556, 9827175003, 7647835037, 8319335305

कौरिनभाठा में निर्मित दीनदयाल आवास योजना (ग्रुप-05, 07 एवं 08) अंतर्गत प्रकोष्ठ भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
48	एल. आई. जी. फ्लैट (जी+3) (2 बी. एच. के.)	487.00	357.50	9.45 से 12.20	0.50

सम्पर्क सूत्र - 8319896556, 9827175003, 7647835037, 8319335305

पेण्ड्री, जिला-राजनांदगांव में निर्मित अटल आवास योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
49	अटल आवास (1 बी. एच. के.)	552.63	279.76	272.87	3.46	0.25

सम्पर्क सूत्र - 8319896556, 9827175003, 7647835037, 8319335305

चौथना, जिला-राजनांदगांव में निर्मित अटल आवास योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
50	अटल आवास (1 बी. एच. के.)	564.15	279.76	272.87	4.87	0.25

सम्पर्क सूत्र - 8319896556, 9827175003, 7647835037, 8319335305

मोहारा, जिला-राजनांदगांव में निर्मित अटल आवास योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
51	अटल आवास (1 बी. एच. के.)	552.63	279.76	272.87	2.92	0.25

सम्पर्क सूत्र - 8319896556, 9827175003, 7647835037, 8319335305

कराठी भानुप्रतापपुर में निर्माणाधीन अटल आवास योजना फेस-2 अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
52	ई. डब्ल्यू. एस. (स्वतंत्र 1 बी. एच. के.)	560.00	354.64	291.16	6.75	0.25

सम्पर्क सूत्र - 07786-16919471, 8109135551, 7697192220, 8319110750, 9399584208

नारायणपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
53	एल. आई. जी. (1 बी. एच. के.)	899.75	449.98	339.80	8.00	0.50

सम्पर्क सूत्र - 8109135551, 7725067027, 8319110750, 9399584208

देवरीखुर्द फेस-II, बिलासपुर में निर्माणाधीन सामान्य आवास योजना अंतर्गत स्वतंत्र भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में)	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
54	ई. डब्ल्यू. एस. (1 बी. एच. के.)	538.00	341.09	255.42	11.48	0.25

सम्पर्क सूत्र - 7587231214, 8103002219, 9993361859, 7000508808, 8103618401, 8269571504

168 खरमोरा, कोरबा में निर्मित दीनदयाल आवास योजना अंतर्गत प्रकोष्ठ भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
55	एल. आई. जी. फ्लैट (2 बी. एच. के.)	477.00	390.00	7.49	0.50

सम्पर्क सूत्र - 9907285405, 9907953522, 9630271503

192, खरमोरा, कोरबा में निर्मित दीनदयाल आवास योजना अंतर्गत प्रकोष्ठ भवन उपलब्ध

स. क्रं.	उपलब्ध भवनों का प्रकार	बिल्टप एरिया (वर्गफीट में)	कार्पेट एरिया (वर्गफीट में)	भवनों का ऑफसेट मूल्य(रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
56	एल. आई. जी. फ्लैट (2 बी. एच. के.)	477.00





हेल्थ क्वेस्ट

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

जब बाएं कंधे-सीने में अकसर महसूस हो दर्द

मेरी उम्र 53 वर्ष है। पिछले कुछ समय से रात में अकसर मेरे बाएं कंधे और सीने में दर्द होता है। कुछ देर बाद ठीक हो जाता है। कृपया बताएं कि यह कोई चिंता की बात तो नहीं ?

-देवेंद्र, बालोद

आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए, क्योंकि आप बता रहे हैं बाएं कंधे और सीने में दर्द होता है। कई बार यह दर्द हार्ट की वजह से भी होता है, लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी करना ठीक नहीं है। और यह भी जरूरी नहीं कि सभी दर्द हार्ट की वजह से ही होते हैं। इसलिए आप हार्ट स्पेशलिस्ट से संपर्क जरूर कर लें, वह इसकी वजह जानकर ट्रीटमेंट शुरू करेंगे।

मेरी उम्र 38 वर्ष है। हाल में ही अल्ट्रासाउंड से पता चला कि मेरी किडनी के पास कुछ सिस्ट हैं। क्या इसका ऑप्रेशन करवाना चाहिए या दवा से ठीक हो जाएगा ? प्लीज सजेस्ट करें।

-रचित, बिलासपुर

ऐसे मामले में बगैर रिपोर्ट देखे कुछ भी कहना ठीक नहीं है। सिस्ट कैसी है किस पोजीशन में है? इसकी जानकारी जरूरी है। इसलिए बेहतर होगा कि आप किसी जनरल फिजिशियन से संपर्क करें। वह रिपोर्ट देखकर डिसाइड करेंगे। उसी के अनुसार ही आप ट्रीटमेंट कराएं। बगैर डॉक्टर से संपर्क किए कोई भी ट्रीटमेंट ना शुरू करें। इससे नुकसान हो सकता है।

मेरी उम्र 26 वर्ष है। पिछले साल खेलते समय कलाई पर मोच आ गई थी। मालिश, पट्टी से आराम मिल गया था। लेकिन कुछ दिनों से कलाई में फिर दर्द हो रहा है। अब मुझे क्या करना चाहिए ?

-लक्ष्य, बहादुरगढ़

बेहतर होगा कि आप एक बार कलाई का एक्सरे करा लें। कई बार ऐसे मामले में हेयर लाइनर फ्रैक्चर होता है, जो तुरंत समझ में नहीं आता लेकिन उसका असर बाद में दिखता है और दर्द शुरू होता है। इसलिए एक्स-रे कराकर आप हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें।

मेरी उम्र 32 वर्ष है। मैंने 5 महीने पहले हेयर ट्रांसप्लांट कराया था। पिछले कुछ दिनों से सिर में ईचिंग और इरिटेशन फील हो रही है। अब मुझे क्या करना चाहिए ?

-सुमित, रायपुर

आप उस डॉक्टर से संपर्क करें, जिनसे हेयर ट्रांसप्लांट कराया हो, क्योंकि उन्हें हेयर ट्रांसप्लांट के बाद होने वाली परेशानी के बारे में पता होगा और इसका इलाज क्या होता है वही अच्छी तरह बता सकते हैं। अगर आप नए डॉक्टर से संपर्क करेंगे तो वह पहले जांच कराएंगे, इसके बाद ट्रीटमेंट शुरू होगा।



मेरी उम्र 59 वर्ष है। मैं एक साल से पाइल्स की समस्या से परेशान हूं। पहले यह बादी था, लेकिन पिछले कुछ समय से खून भी आने लगा है। कृपया मेरी इस समस्या का स्थाई समाधान बताने का कष्ट करें।

-एक पाठक, ईमेल से

सबसे पहले काम आप यह करें कि मिर्च मसाला वाला खाना बिल्कुल बंद कर दें। साथ में चाय में अदरक, काली मिर्च, सोंठ पावडर इसका इस्तेमाल भी न करें। आपको खाना बिल्कुल सादा खाना चाहिए। रात में हल्का खाना खाएं। साथ ही नियमित रूप में पपीता खाने में जरूर शामिल करें। इस तरह खान-पान में बदलाव कर आपको आराम मिल सकता है। ज्यादा परेशानी होने पर जरूर आपको डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए।

मेरी उम्र 45 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरे दाएं कान और उसी तरफ सिर में रह-रहकर दर्द शुरू हो जाता है। कभी-कभी टीस के साथ कानों में घरघराहट जैसी आवाज आती है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।

-विकास, भोपाल

आपको सबसे पहले कान के डॉक्टर से यानी ईएनटी विशेषज्ञ से कान का चेकअप करवाना चाहिए, क्योंकि कान में परेशानी होने से सिर दर्द भी शुरू होता है। आप इस बात पर गौर करें कि हाल फिलहाल में कान में कोई चोट तो नहीं लगी थी। अगर ऐसा नहीं है तो ईएनटी विशेषज्ञ के पास जाना ठीक रहेगा। इस बात का भी ख्याल रखें कि रोड में बैठे कान साफ करने वाले से कभी कान साफ ना कराएं। यह आपके लिए और भी नुकसानदेय हो सकता है। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

विभिन्न वजहों से होने वाले शारीरिक दर्द और सूजन से राहत दिलाने में हाल के वर्षों में फिजियोथेरेपी बहुत कारगर साबित हो रही है। इसके अलावा कुछ न्यूरोलॉजिकल और चाइल्ड डेवलपमेंट से जुड़े मामलों में भी इफेक्टिव है। वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे (8 सितंबर) के अवसर पर एक्सपर्ट डॉक्टर बता रहे हैं इसके विभिन्न पहलुओं के बारे में।

फिजियोथेरेपीः बिना साइड इफेक्ट्स दर्द और सूजन में मिले रिलीफ



डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. सर्वोत्तम चौहान
चीफ फिजियोथेरेपिस्ट
प्रोग्नोसिया हेल्थकेयर, गुरुग्राम

फिजिकल थेरेपी (फिजियोथेरेपी) ऐसी चिकित्सा विधि है, जिसमें किसी दवा का इस्तेमाल नहीं किया जाता और न ही आमतौर पर इस थेरेपी के साइड और आफ्टर इफेक्ट्स होते हैं। आधुनिक फिजिकल थेरेपी जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द के अलावा लकवाग्रस्त हो चुके मरीजों की समस्याओं को दूर करने, अन्य न्यूरोलॉजिकल प्रॉब्लम्स और दिल को स्वस्थ रखने वाले व्यायामों के जरिए राहत पहुंचाती है।

बढ़ रहा है इसका दायरा

फिजिकल थेरेपी (फिजियोथेरेपी) का दायरा दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। जैसे, विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाओं के कारण जोड़ों या मांसपेशियों में लगने वाली चोटों या फिर उनसे होने वाले शारीरिक दर्द से राहत पाने के लिए फिजियोथेरेपी का सहारा अब काफी लिया जा रहा है। गौरतलब है कि जोड़ों से संबंधित कुछ बीमारियां जन्मजात होती हैं, जिनसे राहत पाने में फिजियोथेरेपी की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके अलावा जोड़ प्रत्यारोपण (ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट) के बाद भी फिजियोथेरेपी की जरूरत पड़ती है। खेलों के दौरान लगने वाली चोटों और उनसे राहत पाने के लिए फिजियोथेरेपी की मदद भी ली जाती है।



पूरक और एकल चिकित्सा दोनों

अनेक मामलों में फिजिकल थेरेपी पूरक चिकित्सा के तौर पर कार्य करती है तो वहीं कुछ ऐसे भी मामले होते हैं, जहां यह मरीज को एकल चिकित्सा के तौर पर राहत प्रदान करती है। सबसे पहले फिजिकल थेरेपिस्ट मरीज के दर्द का कारण क्या है, इसे जानने का प्रयास करते हैं। कारण का पता चलने पर फिजिकल थेरेपी से इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाती है।

सूजन व दर्द के नियंत्रित हो जाने के बाद फिजिकल थेरेपी की विभिन्न विधियां जैसे इलेक्ट्रोथेरेपी आदि का इस्तेमाल किया जाता है। इलेक्ट्रोथेरेपी से सूजन और दर्द में राहत मिलती है। कई तरह के इलेक्ट्रिक उपकरण हैं, जो सूजन और दर्द को कम करने में सहायक होते हैं। जैसे टीईएनएस, आईएफटी, पल्स इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड थेरेपी, टीकार थेरेपी और अल्ट्रासोनिक थेरेपी। हाई पॉवर लेजर तकनीक फिजियोथेरेपी की आधुनिक उपचार विधि है।

सावधानी बरतना है जरूरी

शरीर के किसी भी अंग में तेज दर्द और बहुत ज्यादा सूजन होने पर फिजियोथेरेपी और इससे संबंधित गैजेट्स का इस्तेमाल नहीं किया जाता, जब तक कि तेज दर्द की स्थिति नियंत्रण में नहीं आ जाती और मरीज राहत महसूस नहीं करता। दवाओं से सूजन और दर्द कम हो जाने के बाद ही फिजियोथेरेपी का मरीज पर इस्तेमाल किया जाता है।

अर्थराइटिस में दिलाए राहत

अर्थराइटिस का इलाज फिजियोथेरेपी से इन विधियों के जरिए अच्छी तरह से किया जाता है। विद्युतीय उपकरणों से मरीज को राहत देना, जिसे इलेक्ट्रोथेरेपी कहते हैं। ट्रांसक्यूटेनियस इलेक्ट्रिकल नर्व स्टिमुलेशन (टीईएनएस-टेंस), क्लास 4 हाई पॉवर लेजर थेरेपी अर्थराइटिस खासकर इंफ्लेमेटरी अर्थराइटिस के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने जाने वाली तकनीक है। फिजिकल थेरेपिस्ट के अनुसार सप्ताह में तीन बार लगभग 1 से 2 महीने तक लेने के बाद रोगियों को दर्द से राहत मिलती है। इसमें शामिल हैं- एक्सरसाइज थेरेपी, मांसपेशियों की स्ट्रेचिंग, स्ट्रेंथनिंग एक्सरसाइज, स्विस बॉल एक्सरसाइज, बैलेंस एक्सरसाइज, अल्ट्रासोनिक थेरेपी।

पीठ दर्द में मिलती है राहत

लंबे समय तक बैठे रहना, चलने-फिरने, उठने-बैठने और कार्य करने के दौरान गलत पोस्चर रखना, कमजोर मसल्स, पुरानी चोटें, लगातार पीठ दर्द का कारण बन सकती हैं। फिजियोथेरेपी का मकसद दर्द कम करना और मूवमेंट को बेहतर बनाना भी है। जरूरी इलाज में मूवमेंट कंट्रोल को बेहतर बनाने वाली एक्सरसाइज, एरोबिक कंडीशनिंग और खास मसल्स को मजबूत करने के साथ-साथ फ्लेक्सिबिलिटी पर काम करना शामिल हो सकता है।



पोस्ट स्ट्रोक रिकवरी में सहायक

स्ट्रोक के बाद व्यक्ति को कमजोरी, चलने-फिरने और शारीरिक संतुलन को स्थापित करने में दिक्कत होती है। स्ट्रोक के कारण प्रभावित हुए हाथ का इस्तेमाल करने में दिक्कत हो सकती है। यहां मरीज के रिहैबिलिटेशन का मकसद दिमाग और शरीर को फिर से चलना-फिरना सीखने में मदद करना है। फिजियोथेरेपी में टास्क-स्पेसिफिक ट्रेनिंग, स्ट्रेंथ एक्सरसाइज, मूवमेंट की बार-बार प्रैक्टिस, को-ऑर्डिनेशन और मोबिलिटी को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन की गई एक्टिविटीज शामिल हो सकती हैं।

डेवलपमेंटल डिले में हेल्पफुल

डेवलपमेंटल डिले या विकासात्मक विलंब वह स्थिति है, जब कोई बच्चा अपनी उम्र के अन्य बच्चों की तुलना में शारीरिक, मानसिक, भाषा या सामाजिक कौशल (सोशल स्किल) सीखने में लगातार पीछे रह जाता है। फिजियोथेरेपी से ऐसे बच्चों की न्यूरो और सेरेब्रल पाल्सी सरीखी बीमारी के कारण होने वाली दिक्कतों या कुछ डिसऑर्डर्स को एक 'पर्सनलाइज्ड फिजियोथेरेपी प्रोग्राम' से फायदा हो सकता है। इलाज में उम्र के हिसाब से स्ट्रेंथनिंग एक्सरसाइज, बैलेंस और कोऑर्डिनेशन एक्टिविटीज, चलने-फिरने की ट्रेनिंग, स्ट्रेचिंग और फंक्शनल या प्ले-बेस्ड थेरेपी शामिल हो सकती है, जिनका मकसद बच्चे को रोजमर्रा के कामों में ज्यादा आत्मनिर्भर बनाते हुए उसके चलने-फिरने और बैठने की क्षमता को बेहतर बनाना है। बच्चे की उम्र बढ़ने के साथ थेरेपी को बदला जा सकता है।

स्पोर्ट्स इंजरीज में लाभप्रद

खेलकूद में भाग लेने वाले किसी भी व्यक्ति को चोट लग सकती है। खेल के दौरान उनके टेंडन या लिगामेंट में चोट लग सकती है, जिसके कारण उनके प्रभावित अंग में मोच, दर्द और खिंचाव आदि समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। फिजियोथेरेपी के जरिए ऐसे मामलों में सबसे पहले लक्षणों को नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है। स्पोर्ट्स इंजरी के इलाज में थेराप्यूटिक एक्सरसाइज, मोबिलिटी एक्सरसाइज, मैनुअल थेरेपी, बैलेंस स्थापित करने की ट्रेनिंग शामिल हो सकती है। * **प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

फिजिकल थेरेपी और पेन मैनेजमेंट



जोड़ों में दर्द या शरीर के किसी अन्य भाग में मांसपेशियों में सूजन व दर्द को नियंत्रित करने का कार्य फिजिकल थेरेपी करती है लेकिन इसके साथ ही दर्द को नियंत्रित करने वाले विशेषज्ञ यानी पेन मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट अपनी ओर से दवाएं और कुछ अन्य आधुनिक चिकित्सकीय विधियों का भी सहारा लेते हैं। उदाहरणस्वरूप अनेक मामलों में पेन मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट फिजिकल थेरेपी के अलावा जोड़ों की समस्या से राहत पाने के लिए कार्टिलेज के पुनर्निर्माण (रीजेनरेशन) के लिए मरीज के रक्त से प्लेटलेट रिच प्लाज्मा (पीआरपी) लेकर उसी के शरीर में इंजेक्ट करते हैं। इसके परिणामस्वरूप जोड़ों में कार्टिलेज के पुनर्निर्माण में मदद मिलती है या एक बार फिर से कार्टिलेज के पुनः विकसित होने की संभावना बढ़ जाती है।

फिजिकल थेरेपी दर्द के प्रबंधन (पेन मैनेजमेंट) में स्वतंत्र रूप से भी बतौर चिकित्सा पद्धति कार्य करती है, किंतु कुछ अनेक विशेष मामलों में पेन मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट फिजिकल थेरेपी के साथ दवाओं और आधुनिक तकनीक का सहारा लेते हैं। जैसे 'अल्ट्रासाउंड गाइडेड इंटरवेंशनल पेन मैनेजमेंट' तकनीक से किसी अंग के दर्द वाले भाग की नसों को दर्द निवारक इंजेक्शन के जरिए अवरुद्ध कर देते हैं, जिसके परिणामस्वरूप दर्द का एहसास कम हो जाता है।

डाइट सजेशन

अंशु सिंह

सोशल मीडिया के प्रभाव, पश्चिमी खान-पान और तेज जीवनशैली जैसी वजहों से आजकल हर उम्र के लोगों की डाइट हैबिट बिगड़ रही है। फल और सब्जियों के बजाय फास्ट फूड और जंक फूड्स हमारे हेल्थ पर बुरा असर डालते हैं। इसलिए इससे बचना जरूरी है।

आपकी डेली डाइट में हों पौष्टिक फल-हरी सब्जियां



सोशल मीडिया एवं टीवी विज्ञापन हमारे खान-पान को प्रभावित कर रहे हैं। पश्चिमी खान-पान का प्रभाव बढ़ गया है। इस कारण ही पैकेज्ड और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों की खपत में तेजी आई है। जबकि इन जंक फूड में विटामिन, खनिज और फाइबर जैसे पोषक तत्वों की भारी कमी होती है। इनमें वसा, नमक और चीनी (एचएफएसएस फूड) की मात्रा इतनी अधिक होती है कि वह स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है।

बच्चों पर बुरा असरः मीठे स्नैक्स एवं पेय अकसर दांतों की सड़न और कैविटी बढ़ाते हैं। नन्ही-सी उम्र में बच्चों के दांत खराब होने लगे हैं। वयस्क ही नहीं छोटे बच्चों को भी मधुमेह अपनी चपेट में ले रहा है। पाचन बाधित होने से पेट फूलने, कब्ज और दस्त संबंधी समस्याएं जन्म ले रही हैं। उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, डायबिटीज से लेकर मोटापे की समस्या दिनों दिन विकराल होती जा रही हैं। कुछ मामलों में कैंसर का जोखिम भी बढ़ता दिखाई दिया है। इतना ही नहीं, ये प्रोसेस्ड एवं अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड प्रतिरक्षा प्रणाली को भी कमजोर कर रहे हैं। संक्रमण जल्दी होने से बीमारियों को आने में देर नहीं लगती। शारीरिक के साथ अवसाद एवं दूसरी मानसिक समस्याएं भी उत्पन्न होने लगती हैं।

कम हो रहीं फल-सब्जियांः स्वस्थ रहने के लिए फल, ताजी हरी सब्जियां, दूध-दही, अनाज, पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेड, ड्राई फ्रूट्स एवं खनिज पदार्थों की आवश्यकता होती है। लेकिन आज हमारी थाली से ये सारी चीजें गायब हैं। असल में जैसे-जैसे जिंदगी की रफ्तार तेज होती गई, तो लोगों की प्राथमिकताएं एवं आदतें भी बदलती जा रही हैं। नौकरीपेशा अभिभावकों के लिए अपने बच्चों में हेल्दी फूड हैबिट्स यानी सेहतमंद खान-पान एक चुनौती बनने लगी। समय कम रहने से सब कुछ फास्ट करने की आदत पड़ गई। यही लत खान-पान में भी लगी। फास्ट फूड की संस्कृति ऐसी विकसित हुई कि घर में खाना बनाने की जगह फास्ट फूड रेस्टोरेंट्स से भोजन आने लगा। फल की जगह केक-पेस्ट्री, चॉकलेट ने ले ली। स्वाद नमकीन करने के लिए चिप्स, पिज्जा या बर्गर खा लिया।

टीवी-मोबाइल देखते हुए खानाः लोगों की आदतें बदल गई हैं। पहले जहां फर्श पर बैठकर भोजन करते थे। खाने से पहले प्रार्थना करते थे। आज बिस्तर पर, टीवी, मोबाइल देखते हुए खाना खाते हैं। जब घर के बड़े ही डाइनिंग टेबल पर स्मार्टफोन या टीवी देखते हुए भोजन करते हैं, तो बच्चे क्या सीखेंगे? मोबाइल देखते हुए उन्हें आभास भी नहीं होता कि कितना खाना खा लिया। जंक फूड की लत इतनी बढ़ गई है कि अब किंग साइज बर्गर से कम में मन नहीं भरता। लोग प्रोसेस्ड फूड से अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड तक पहुंच गए हैं।



माइंडफुल ईटिंग को मिले बढ़ावाः न्यूट्रिशन एवं वेलनेस एडवाइजर केतकी सिन्हा का कहना है कि समाज में खान-पान को लेकर जागरूकता लाने की आवश्यकता है। पैरेंट्स को बच्चों के सामने मिसाल पेश करनी होगी। जब बच्चे उनकी खुद की थाली में पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक आहार देखेंगे, तो वे खुद ही प्रेरित होंगे। इन दिनों बच्चों से लेकर बड़ों तक को बींज इटिंग (टीवी या मोबाइल देखते हुए खाना) की लत लगी हुई है। इसे बंद करना होगा। भोजन करते समय समूचा ध्यान खाने पर हो। इसे ही माइंडफुल इटिंग कहते हैं। घरों के अलावा स्कूल-कॉलेजों, दफ्तरों में भी हेल्दी खान-पान को लेकर जागरूकता लानी होगी। बच्चों को बताना होगा कि घर का खाना कितना स्वास्थ्यवर्धक होता है, क्योंकि उसे पूरी स्वच्छता एवं प्यार से बनाया जाता है। हेल्दी खान-पान के अलावा एक्सरसाइज को डेली रूटीन में शामिल करना बहुत जरूरी है। सही पाचन प्रक्रिया के लिए रोजाना सभी के लिए पर्याप्त नींद लेनी भी बहुत जरूरी है।

भारतीय खान-पान में हुए बदलावः विगत पांच दशक में भारतीय लोगों के खान-पान में काफी बदलाव देखने को मिला है। इसे ये आंकड़े सिद्ध करते हैं-

- अनाज का सेवन 63 प्रतिशत से घटकर 57 प्रतिशत हो गया है।
- डेयरी, अंडे और पौधों की उपज का सेवन दोगुना हो गया है।
- चावल और अन्य अनाजों की खपत में भारी गिरावट हाल के वर्षों में देखी गई है।
- गेहूं की खपत में विगत कुछ वर्षों में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- चीनी और वसा के सेवन में भी 3 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है।

इससे साबित होता है कि हमारी डाइट हैबिट में किस तरह के बदलाव हुए हैं। इससे पाचन समस्याएं बहुत बढ़ी हैं। *

पौष्टिक खाने को अपनाना होगा

यह अजीब विडंबना है कि एक तरफ देश कुपोषण की समस्या से लड़ रहा है, तो दूसरी ओर मोटापे से जूझ रहे हैं लोग भी हैं। आंकड़े कहते हैं कि वर्ष 2050 तक भारत मोटापे की राजधानी बन जाएगा। क्योंकि बाजार एवं सोशल मीडिया हमारे खान-पान को प्रभावित कर रहा है। लोग अपनी बॉडी की जरूरतों को जाने बगैर इंफ्लुएंसर्स को आंखमूंद कर फॉलो कर रहे हैं। शरीर को जहां 50 से 60 फीसदी कार्बोहाइड्रेट की जरूरत है, वहां लोग 70 से 80 फीसदी कार्बोहाइड्रेट का सेवन कर रहे हैं। एनआईएच ने जो 'हेल्दी थाली' की व्याख्या की है कि उसमें आधी संख्या फल, एक चौथाई कार्बोहाइड्रेट, एक चौथाई प्रोटीन, नट्स एवं थोड़े फैट होने चाहिए। उसे कोई फॉलो नहीं कर रहा, क्योंकि जागरूकता ही नहीं है। प्रोसेस्ड, जंक, स्ट्रीट फूड के पीछे भाग रहे सभी, जबकि स्ट्रीट फूड में अत्यधिक ट्रांस फैट होता है, जो सेहत को नुकसान पहुंचाता है। एक और चीज ध्यान रखने की है कि लोग अकसर सुबह का नाश्ता स्किप करने की गलती कर बैठते हैं। ऐसा न करें, बल्कि राजाओं की तरह ब्रेकफास्ट करें। दोपहर का लंच सामान्य एवं रात का डिनर बहुत कम मात्रा में करें। प्रोसेस्ड फूड का सेवन बिल्कुल बंद कर दें। आपकी थाली में फल एवं हरी सब्जियां हों। ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं और डाइटिशियन से संपर्क करें।

-डॉ. चारू दुआ, सीनियर डाइटिशियन, फरीदाबाद




पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने लगाया बड़ा आरोप

'एसआईआर भाजपा को चुनाव जिताने की कोशिश'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने चुनाव आयोग की ओर से कई राज्यों में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर के जरिए मतदाता सूची में हेरफेर की कोशिश हो रही है और इसका मकसद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चुनाव जिताने में मदद करना है। सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से इस प्रक्रिया के तहत मतदाताओं के नाम थोक में हटाए जाने पर रोक लगाने की मांग की है। सिब्बल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि यह 'बहिष्कार की राजनीति' है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के एजेंट मुस्लिम मतदाताओं को निशाना बनाकर उनके नाम हटाने के लिए बड़ी संख्या में फॉर्म जमा कर रहे हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से इस तरह की 'बल्क डिलीशन' यानी बड़ी संख्या में नाम हटाने की प्रक्रिया रोकने की अपील की।

सुप्रीम कोर्ट से की रोक लगाने की मांग



झारखंड के गोड्डा का मामला उठाया

सिब्बल ने अपने आरोपों के समर्थन में द इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट का हवाला दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, झारखंड के गोड्डा जिले में भाजपा से जुड़े लोगों की ओर से कुछ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए आवेदन दिए जाने का दावा किया गया है। इनमें बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग शामिल होने की बात कही गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) ने भी कुछ मामलों को लेकर आपत्ति जताई। बीएलओ आम तौर पर सरकारी कर्मचारी होते हैं, जिन्हें चुनाव संबंधी जिम्मेदारियां दी जाती हैं।

'अगर कोर्ट ने ध्यान नहीं दिया तो लोकतंत्र मुश्किल में पड़ेगा'

कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर अदालत यह मानकर चलती है कि एसआईआर की पूरी प्रक्रिया चुनाव आयोग की निगरानी में हो रही है और इसलिए इसमें किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हो सकती, तो यह चिंता का विषय होगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर चुनाव में वोट डालने के अधिकार पर पड़ता है। इसलिए इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बेहद जरूरी है।

दिल्ली और उत्तर प्रदेश का भी किया जिक्र

कपिल सिब्बल ने दावा किया कि एसआईआर के दौरान कई राज्यों में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में करीब 45 से 47 लाख नाम हटाए गए, जो उनके मुताबिक दिल्ली के कुल मतदाताओं का लगभग 23-24 प्रतिशत है। उन्होंने उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी करीब 2.05 करोड़ नाम हटाए गए हैं। सिब्बल ने दावा किया कि एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद अब तक अलग-अलग राज्यों में कुल मिलाकर करीब 5 से 6 करोड़ नाम हटाए जा चुके हैं।

कांग्रेस पहले भी लगा चुकी है चुनाव आयोग पर आरोप

राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में एसआईआर के बाद 2.06 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के बाहर होने का दावा करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा और चुनाव आयोग अपनी रणनीति बदलते रहते हैं, लेकिन उनका लक्ष्य किसी भी कीमत पर भाजपा को चुनाव जिताना है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। वहीं, एसआईआर चुनाव आयोग की मतदाता सूची को अपडेट और सत्यापित करने की प्रक्रिया का हिस्सा है।

जीडीपी पर उठाए जयराम के सवाल, कहा - 7.8 फीसदी का दावा गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 7.8 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर के दावे पर सवाल उठाते हुए इसे आंकड़ों की बाजीगरी बताया है। उन्होंने दावा किया कि पूर्व वित्त सचिव सुभाष गर्ग के आकलन के मुताबिक देश की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर करीब 2.6 प्रतिशत है, न कि 7.8 प्रतिशत। जयराम रमेश ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि मोदी सरकार अपनी टीम और मीडिया के जरिए आंकड़ों की बाजीगरी से तैयार कथित फर्जी जीडीपी वृद्धि का जितना ढोल पीटेगी, उतना ही उसकी असलियत सामने आएगी। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा जमीनी हकीकत के बिल्कुल उलट है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को वास्तविक आर्थिक स्थिति को स्वीकार कर उसमें सुधार के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने रोजगार सृजन, एमएसएमई और निजी निवेश को बढ़ावा देने, मांग और आमदनी बढ़ाने तथा आर्थिक असमानता कम करने की जरूरत बताई। उन्होंने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि मित्र पूंजीपतियों को बढ़ावा देने के बजाय अर्थव्यवस्था में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित की जानी चाहिए। जयराम रमेश ने कहा, "पीआर से जीडीपी की तस्वीर चमकाई जा सकती है, अर्थव्यवस्था नहीं।"

आज से यूक्रेन, पोलैंड के तीन दिवसीय दौरे पर विदेश मंत्री जयशंकर

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। बीते करीब चार साल से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर गुरुवार से यूक्रेन और पोलैंड की तीन दिवसीय (3 से 5 सितंबर तक) आधिकारिक यात्रा पर



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्रेता श्रीमती उषा देवी पांडेय (पतिः स्व. श्रीनिवास पांडेय, निवासी ग्राम करगीकलां, कोटा, बिलासपुर) ने विक्रेता जगदीश प्रसाद पटेल (पिताः जानकी प्रसाद पटेल, निवासी सर्वमंगला नगर, दुरपा, कोरबा) की स्वामित्व की लिंगियाडीह, प.ह.न. 31, रा.नि.म. मोपका, विकासखण्ड-बिल्हा, तहसील व जिला बिलासपुर स्थित शीट नं. 06, भूखंड क्रमांक 35, खसरा नं. 16/32, रकबा 1750 वर्गफुट भूमि और उस पर 1,030 वर्गफुट भूतल में निर्मित 03 बी.एच.के. मकान को खरीदने का सौदा किया है। उक्त संपत्ति वर्तमान में SBI बैंक कोरबा शाखा में होम लोन में बंधक है। उक्त संपत्ति की क्रेता के नाम पर रजिस्ट्री से पहले विक्रेता द्वारा उक्त होम लोन का भुगतान किया जाएगा।
यदि किसी व्यक्ति, संस्था, आदि को उक्त संपत्ति या इस सौदे पर कोई दावा या आपत्ति हो, तो वे प्रकाशन के 10 दिनों के भीतर लिखित दस्तावेजों और प्रमाण सहित लिखित आपत्ति दर्ज करें। मौखिक आपत्ति और उक्त अवधि पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी। अस्तु सूचना से अवगत हों।
क्रेता : उषा देवी पांडेय
ग्राम करगीकलां,
कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो. नं.: 7898144271

न्यायालय तहसीलदार, गीदम जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. / 202607160100005 / अ-20(1) / 2025-26
ग्रामः- गीदम

// विज्ञप्ति //
// उद्घोषणा //

एतद् द्वारा हित रखने वाले सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत गीदम के पत्र क्रमांक 728 दिनांक 16.06.2026 के द्वारा नगर पंचायत गीदम में एस.टी.पी. (Sewage Treatment Plant) का निर्माण हेतु शासकीय भूमि आबंटन करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। तहसीलदार गीदम जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के पत्र क्रमांक 915 दिनांक 06.07.2026 के द्वारा ग्राम गीदम प.ह.नं. 17 में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 527 रकबा 1.0590 हेक्टेयर में से रकबा 0.404 हेक्टेयर में एस.टी.पी. (Sewage Treatment Plant) का निर्माण हेतु भूमि चिन्हांकित कर भूमि का नक्शा, खसरा की प्रति प्रस्तुत किये है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालय में सुनवाई हेतु निहित तिथि दिनांक 10-09-2026 तक सक्षम दावा, आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, बाद समाप्त नियत अवधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 02/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया है।
मुहर
तहसीलदार
गीदम

कार्यालय नगरपालिका परिषद किरंदुल जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
क्रमांक / 775 / राजस्व / अस्थाई दखल /न.पा.प./2026/ किरंदुल, दिनांक 31.08.2026

ऑफर सूचना (तृतीय)

एतद् द्वारा सर्व साधारण में सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद किरंदुल में अस्थाई दखल शुल्क हेतु बन्द त्रिलिफाफा पद्धति में ऑफर दिनांक 10.09.2026 को अपरान्ह 4.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है, जो दिनांक 10.09.2026 को संध्या 5.00 बजे खोला जायेगा। इच्छुक व्यक्ति अपना ऑफर निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट के माध्यम से अमानत राशि (टी.डी.आर.) (अलग लिफाफा में) एवं अन्य अभिलेख के साथ ऑफर प्रस्तुत कर सकते है। ऑफर की अन्य नियम, शर्ते एवं जानकारी कार्यालयीन कार्य दिवस में कार्यालय के राजस्व शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

क्र.	कार्य का नाम	शासकीय राशि	अमानत राशि	स्वीकृत पश्चात	शेष राशि
1.	वर्ष 2026-27 हेतु अस्थाई दखल शुल्क नीलामी हेतु (01 अक्टूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक) (06 माह हेतु)	1,84,250.00	18,425.00	50 प्रतिशत	02 समान किश्तों में जमा किया जाना है।

टीप:- ऑफर (आवेदन पत्र) (अलग लिफाफा में) ए-4 साईज पेपर में हस्तलिखित अथवा टंकित होना चाहिए, जिसमें :- आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम, वर्ग, स्थाई पता, अस्थाई पता, के साथ ही चाही गई जानकारियाँ भरकर निर्धारित अमानत राशि (टी.डी.आर.) के साथ बंद लिफाफे में रजिस्टर्ड अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से निर्धारित तिथि तक भेजे जा सकें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2. निकाय से कर बकाया नहीं प्रमाण-पत्र । (जीवित / निविदा दिनांक से 12 माह से अधिक न हो।) अन्य आवश्यक जानकारी राजस्व शाखा से कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, किरंदुल

कार्यालय, नगर पंचायत देवकर, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)
क्रं./1000/न.पं./2026 देवकर दिनांक 02/09/2026

// ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग में प्रचलित पी.डब्ल्यू.डी. एस.ओ.आर (भवन 10.06.2026, एवं सड़क 15/06/2026) के तहत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम टेंडर क्रं.	कार्य का विवरण	अनु. लागत (रू. लाख में)	निविदा डाउनलोड की अंतिम तिथि
01	02	03	04
198745	वार्ड क्र. 03 में नवकेशा चौक से नगर पंचायत आफिस तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	27.61	23/09/2026
198702	वार्ड क्र. 01, 02, 04 एवं 11 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य (कुल 08 नग)	30.67	
198744	वार्ड क्र. 01, 04, 06, 07, 10, 14 एवं 15 में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (कुल 10 नग)	29.96	

टीप :- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल www.eproc.cgstate.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in पर डाउनलोड की जा सकती है।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत देवकर

कार्यालय, नगर पालिक निगम राजनांदगांव (छ.ग.)

// ई-निविदा सूचना //

क्रमांक/1057/ ई-टेण्डर/ लोक-11 /2026-27 राजनांदगांव, दिनांक 01.09.2026

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु आन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा भरने की अंतिम तिथि 21/09/2026 शाम 5.30 बजे तक।

स. क्र.	सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का नाम	लागत राशि लाख रू.में
1	198485	वार्ड नं. 02 के विभिन्न स्थानों पर सी.सी. सड़क, नाली, निर्माण कार्य	27.45
2	198486	वार्ड नं. 03 के विभिन्न स्थानों पर सी.सी. सड़क, नाली, निर्माण कार्य	27.12
3	198487	वार्ड नं. 08 के विभिन्न स्थानों पर सी.सी. सड़क, नाली, निर्माण कार्य	30.16
4	198488	वार्ड नं. 16 के विभिन्न स्थानों पर आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	39.60
5	198477	वार्ड नं. 41 में विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्य	33.44
6	198484	वार्ड नं. 43 में विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्य	25.16

उपरोक्त कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईट www.mcrjn.com & https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेंडमेंट हेतु पृथक से विज्ञापन जारी नही किया जावेगा। वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा।
आयुक्त
नगर पालिक निगम राजनांदगांव

कार्यालय नगर पंचायत बारसूर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
Emailld : barsoorcmo@gmail.com
क्रमांक / 805/ लो. नि. शा./ न.पं. / 2026-27 बारसूर, दिनांक 01/09/2026

मैनुअल पद्धति अंतर्गत प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से छत्तीसगढ लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन एस.ओ. आर. दिनांक 10/06/2026, सड़क एस.ओ. आर. दिनांक 15/06/2026 एवं विद्युत एस.ओ. आर. दिनांक 01/07/2020 तथा पी.एच.ई.डी. एस. ओ. आर. 2020 को जारी दिनांक तक संशोधित के आधार पर निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा प्रपत्र / फार्म 'ए' में दर अनुसूची से कम / बराबर / अधिक प्रतिशत दर पर मैनुअल पद्धति से पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से निविदा आमंत्रित की जाती है
1. निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 25/09/2026 समय 3:00 बजे तक ।
2. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि : 25/09/2026 समय 5:00 बजे ।

क्र.	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूरा करने की अवधि
1	सी.सी. रोड निर्माण कार्य मुचनार मुख्य मार्ग से ज्ञानधर नाग घर तक वार्ड क्रमांक 06	7.42	5600.00	750.00	03 माह
2	Construction of R.C.C. Drain From Ashok Negi Residence to Jageshwar Nag Residence Ward No. 01	7.72	5800.00	750.00	03 माह
3	आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य सातधार मुख्य मार्ग से सूरज नाग के घर तक । वार्ड क्रमांक 06	5.85	5000.00	750.00	03 माह
4

एजेंसी ने भारत की रेटिंग एक पायदान बढ़ाई

पैंतीस साल बाद भारत को मिली 'ए-' रेटिंग, जापानी एजेंसी ने बढ़ाई साख

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जापान की साख निर्धारण एजेंसी जेसीआर ने बुधवार को स्थिर परिदृश्य के साथ भारत की रेटिंग एक पायदान बढ़ाकर 'ए-' कर दी। एजेंसी ने रेटिंग बढ़ाने के पीछे भारत की 'मजबूत' आर्थिक वृद्धि और वित्तीय स्थिति में सुधार को प्रमुख कारण बताया।

जेसीआर ने कहा कि 140 करोड़ से अधिक की आबादी और मौजूदा मूल्य पर 3.9 लाख करोड़ डॉलर की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वाली भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में छह प्रतिशत से अधिक की उच्च वृद्धि दर बनाए रखने की उम्मीद है। जापान की रेटिंग एजेंसी ने कहा कि निजी खपत और सार्वजनिक निवेश के मजबूत समर्थन से भारतीय अर्थव्यवस्था हाल के वर्षों में करीब सात प्रतिशत की ऊंची वृद्धि दर बनाए हुए है।

इससे पहले, भारत को 'बीबीबी-' रेटिंग दी थी

रेटिंग बढ़ाने के पीछे मजबूत आर्थिक वृद्धि प्रमुख कारण

चालू वित्त वर्ष में छह फीसदी से अधिक वृद्धि की उम्मीद

आर्थिक बुनियाद पहले से मजबूत हुई

एजेंसी ने कहा कि भारत सरकार ने उत्पादकता वृद्धि और आर्थिक विकास के अनुकूल नीतियों को लगातार लागू किया है। इनमें डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का विकास और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को लागू करना शामिल है। इससे देश की आर्थिक बुनियाद पहले से मजबूत हुई है।

एसएंडपी व फिच ने भी रेटिंग बरकरार रखी

एजेंसी की 'ए' रेटिंग वित्तीय दायित्वों को पूरा करने की उच्च स्तर की निश्चितता को बताती है, जबकि 'बीबीबी+' पर्याप्त स्तर की निश्चितता को दर्शाती है। पिछले महीने दो वैश्विक रेटिंग एजेंसियों एसएंडपी और फिच ने भी भारत की निवेश-ग्रेड रेटिंग बरकरार रखी थी। उन्होंने भारत की गतिशील और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, नीतियों के मोर्चे पर स्थिरता तथा बुनियादी ढांचे में उच्च निवेश को इसका आधार बताया था।



वृद्धि दर अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 फीसदी रही

भारत की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही, जो भारतीय रिजर्व बैंक के सात प्रतिशत के अनुमान से अधिक है।

भारत की मुद्रा साख भी एक पायदान बढ़ी

जेसीआर ने गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र की वित्तीय स्थिति में सुधार का भी उल्लेख किया। इससे हाल के वर्षों में भारत की वित्तीय प्रणाली की मजबूती में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। एजेंसी ने कहा, ''भारत की ठोस आर्थिक वृद्धि, वृद्धि की बुनियाद मजबूत करने वाली आर्थिक नीतियों की दक्षता और वित्तीय प्रणाली की बेहतर मजबूती को देखते हुए जेसीआर ने भारत की विदेशी मुद्रा और स्थानीय मुद्रा में दीर्घकालिक जारीकर्ता साख को एक पायदान बढ़ाकर 'ए-' कर दिया है।'' इससे पहले, जेसीआर ने भारत को 'बीबीबी+' रेटिंग दी थी।

सब्सिडी सहित मौजूदा खर्च नियंत्रित

एजेंसी ने कहा कि हाल के वर्षों में सरकार ने सब्सिडी समेत मौजूदा खर्च की वृद्धि को नियंत्रित किया है और बुनियादी ढांचे में निवेश सहित पूंजीगत व्यय को अधिक प्राथमिकता दी है। इससे राजकोषीय खर्च की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में कर्ज-जीडीपी अनुपात को 55.6 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा है, जो वित्त वर्ष 2025-26 के 56.1 प्रतिशत से कम है।

राजकोषीय घाटा 4.3 फीसदी रहने का अनुमान

सरकार का मार्च, 2031 तक इस अनुपात को 50 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य है। केंद्र ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.3 प्रतिशत, यानी 16.96 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान रखा है। हालांकि, नई जीडीपी श्रृंखला में मौजूदा बाजार मूल्य पर जीडीपी के संशोधन के आधार पर यह लक्ष्य 4.5 प्रतिशत बैठता है।

जियो हॉटस्टार की ब्रिटेन, कनाडा और सिंगापुर में सेवाएं शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जियोस्टार के स्वामित्व वाले ओटीटी मंच जियोहॉटस्टार ने बुधवार को ब्रिटेन, कनाडा और सिंगापुर में अपनी सेवाएं शुरू करने की घोषणा की। इसके साथ ही कंपनी ने 12 से अधिक भाषाओं में 1.60 लाख घंटे से अधिक की सामग्री के साथ वैश्विक मनोरंजन मंच बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

पचास करोड़ से अधिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं वाले जियोहॉटस्टार का अंतरराष्ट्रीय विस्तार दर्शकों को व्यक्तिगत सुझावों, संवादात्मक सुविधाओं और कई सदस्यता विकल्पों के जरिये मनोरंजन सामग्री खोजने और उससे जुड़ने का नया अनुभव देगा। कंपनी ने बयान में कहा कि मंच इन बाजारों में दक्षिण एशियाई प्रवासियों को लक्षित करेगा और व्यापक वैश्विक दर्शकों को भी आकर्षित करेगा। इन बाजारों में हर साल 30,000 घंटे से अधिक नई सामग्री जोड़ी जाएगी। इसमें नए मूल कार्यक्रम, लोकप्रिय फ्रेंचाइजी और टेलीविजन की व्यापक सामग्री शामिल होगी।

सोना 2,100 रुपए टूटकर तीन सप्ताह के निचले स्तर पर

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में कमजोरी के रुख के कारण बुधवार को राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में लगातार छठे सत्र में गिरावट जारी रही और यह 2,100 रुपये टूटकर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत मंगलवार के 1,58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 2,100 रुपये टूटकर लगभग तीन सप्ताह के निचले स्तर 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गई।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड

(छ.ग.शासन का एक उपक्रम) CIN-U40108CT2003SGC015820

कार्या0- मुख्य अभियंता (मा.सं.), छ.ग.स्टे.पॉ.ट्रांस.कं.लिमि., रायपुर

ई-मेल पता :- hr.csptcl@cspc.co.in टेलीफोन नंबर :- 0771-2574700

क्रमांक: 01-01/CSPTCL/Apprenticeship/4483 रायपुर, दिनांक :- 01/09/2026

विज्ञापन

अप्रेन्टिसशिप एक्ट, 1961 (as amended in 1973, 1986, 1992, 2014 & 2019) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड में सत्र 2026-27 के लिए निम्नलिखित संकायों में प्रशिक्षुओं को एक (01) वर्षीय (Apprenticeship) प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है :-

(1)ग्रेजुएट अप्रेन्टिस (Graduate Apprentice) :- Technical Stream

क्र.	विषय (संकाय)	रिक्त पद	अना	अपिव	अजा	अजजा	शैक्षणिक योग्यता	शिक्षुवृत्ति की दर
1	Electrical/EEE Engineering Graduate Apprentice	30	13	04	04	09	मान्यता प्राप्त संस्थान/ विश्वविद्यालय से संबंधित संकाय में स्नातक उत्तीर्ण	रू.12300/- प्रतिमाह
2	Civil Engineering Graduate Apprentice	05	02	01	00	02		
	योग	35	15	05	04	11		

(2)ग्रेजुएट अप्रेन्टिस (Graduate Apprentice) :- General Stream

क्र.	विषय (संकाय)	रिक्त पद	अना	अपिव	अजा	अजजा	शैक्षणिक योग्यता	शिक्षुवृत्ति की दर
1	General Stream Graduate Apprentice (Bachelor of Science)	25	11	03	03	08	मान्यता प्राप्त संस्थान/ विश्वविद्यालय से विज्ञान संकाय में स्नातक उत्तीर्ण	रू. 12300/- प्रतिमाह
	योग	25	11	03	03	08		

(3)टेक्नीशियन अप्रेन्टिस (Technician Apprentice) :-

क्र.	विषय (संकाय)	रिक्त पद	अना	अपिव	अजा	अजजा	शैक्षणिक योग्यता	शिक्षुवृत्ति की दर
1	Electrical/EEE Engineering Diploma Apprentice	10	04	02	01	03	मान्यता प्राप्त संस्थान/ विश्वविद्यालय से संबंधित संकाय में डिप्लोमा उत्तीर्ण	रू.10900/- प्रतिमाह
2	Civil Engineering Diploma Apprentice	05	02	01	00	02		
	योग	15	06	03	01	05		

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि :- दिनांक 30/09/2026 (सांय 5:30 बजे तक) विस्तृत विज्ञापन, नियम एवं शर्तों हेतु पावर कंपनी की वेबसाईट www.cspc.co.in का अवलोकन करें।

मुख्य अभियंता (मा0सं0)
छ.ग.स्टे.पा.ट्रांस.कं.लिमि., रायपुर

फाडा स्टेट चेयरमैन की गर्ग को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी



रायपुर। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन (फाडा) की 62वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। जिसमें स्वस्तिक सेल्स एंटरप्राइजेज (यामाहा) के संचालक विवेक गर्ग को फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन के स्टेट चेयरमैन नियुक्त किया गया।

इस नियुक्त पर रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन की और से उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। एसोसिएशन ने विश्वास व्यक्त किया कि गर्ग अपने अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं सक्रिय कार्यशैली के माध्यम से प्रदेश के ऑटोमोबाइल डीलर्स के हितों को मजबूती से आगे बढ़ाते रहेंगे। विवेक गर्ग को ऑटोमोबाइल व्यवसाय का 26 वर्षों से अधिक का अनुभव है। गर्ग पूर्व में रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) के अध्यक्ष के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुके हैं। उनके कार्यकाल में एसोसिएशन के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की गईं, जिनमें ऑटो एक्सपो 2023 का सफल आयोजन प्रमुख रहा। उन्होंने ऑटोमोबाइल व्यवसायियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रभावी ढंग से सरकार के समक्ष उठाया तथा उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए।

ऑटोमोबाइल व्यवसायियों के हितों के लिए सक्रिय भूमिका

फाडा के स्टेट चेयरमैन के रूप में अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान भी गर्ग ने प्रदेश के ऑटोमोबाइल व्यवसायियों के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने व्यवसाय करने में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों को संबंधित स्तर पर रखने तथा सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों एवं नीतिगत प्रक्रियाओं से व्यवसायियों तक आवश्यक जानकारी एवं समन्वय पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राडा ने गर्ग के फाडा स्टेट चेयरमैन बनने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनके अनुभव, दूरदर्शिता एवं नेतृत्व का लाभ पूरे प्रदेश के ऑटोमोबाइल डीलर्स को मिलेगा।

अशोका पाम मीडोज के प्रॉपर्टी फेस्ट को मिल रहा शानदार रिस्पॉन्स



रायपुर। डूंडा स्थित आरती ग्रुप के अशोका पाम मीडोज में आयोजित प्रॉपर्टी फेस्ट को ग्राहकों का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। 90 एकड़ की टाउनशिप में 3-बीएचके रेडी-टू-मूव अपार्टमेंट्स के साथ विकसित प्लॉट्स भी खरीदारों को आकर्षित कर रहे हैं। बेहतर लोकेशन, कनेक्टिविटी और तैयार इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते साइट पर लगातार विजिटर्स पहुंच रहे हैं।

आरती ग्रुप के डायरेक्टर ऋभुराज अग्रवाल ने बताया कि यहां 1,800 से 5,000 वर्गफुट तक के सीमित प्लॉट उपलब्ध हैं। रोड, बिजली, पानी और सिक्योरिटी जैसी सुविधाएं पहले से मौजूद होने के कारण खरीदार अपनी जरूरत के अनुसार निर्माण शुरू कर सकते हैं। टाउनशिप में पहले से परिवारों की मौजूदगी भी इसकी खासियत है। डूंडा क्षेत्र में प्रस्तावित 150 एमएलडी क्षमता के फिल्टर प्लांट से भविष्य में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की संभावनाएं मजबूत होने की उम्मीद है। करीब 150 करोड़ रुपए की लागत वाली प्रस्तावित परियोजना के साथ फोरलेन सड़क, नवा रायपुर से कनेक्टिविटी, स्कूल-कॉलेज और अस्पताल क्षेत्र के विकास को गति दे रहे हैं। प्रॉपर्टी फेस्ट में 3-बीएचके रेडी-टू-मूव अपार्टमेंट पर 20 प्रतिशत भुगतान कर तत्काल चाबी लेने और अगले 18 महीने तक नो पेमेंट का ऑफर दिया जा रहा है। पहली 100 बुकिंग पर मेगा लकी ड्रॉ में ईवी कार और ईवी स्कूटर जीतने का मौका भी है। आयोजकों के अनुसार, विशेष ऑफर का लाभ उठाने का अब सीमित समय शेष है।



बिजनेस साइट

उरला डेयरी प्लांट में कृषि मंत्री नेताम ने किया कैंटीन का उद्घाटन



रायपुर। उरला स्थित छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ (सीजीसीडीएफ) के डेयरी प्लांट में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कैंटीन का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने प्लांट का भ्रमण कर विभिन्न इकाइयों और दुग्ध प्रसंस्करण की कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

इस अवसर पर आयोजित दुग्ध उत्पादक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली डेयरी सहकारी समितियों, दुग्ध उत्पादक किसानों और दुग्ध महासंघ के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पशुपालकों और दुग्ध उत्पादक किसानों के मार्गदर्शन के लिए तैयार प्रशिक्षण पुस्तिकाओं 'उत्तम पशुपालन पद्धतियों के लिए बुनियादी मार्गदर्शिका' और 'मवेशियों के प्रमुख रोगों के लिए पारंपरिक उपचार विधियां' का विमोचन किया गया। साथ ही देवभोग के रेडियो जिंगल, ऑडियो, रिंगटोन और गीत का भी लोकार्पण किया गया। कृषि मंत्री नेताम ने कहा कि प्रदेश में डेयरी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए किसानों को दूध का उचित मूल्य, नियमित खरीदी, पशु आहार, बेहतर पशु स्वास्थ्य सुविधाएं और मजबूत बाजार उपलब्ध कराना जरूरी है। सीजीसीडीएफ के प्रबंध संचालक एम. जयकृष्ण ने बताया कि दुग्ध सहकारी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण, तकनीक के उपयोग और दुग्ध संग्रहण व्यवस्था के विस्तार पर काम किया जा रहा है।

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

यूएस ओपन

सोनमेज को हराकर दूसरे राउंड में कोको



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

कोको गॉफ ने यूएस ओपन के दूसरे राउंड में जगह बना ली है। गॉफ ने जेनेप सोनमेज को 6-3, 6-4 से हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई। गॉफ ने अपने पहले सर्विस गेम में दो ऐस और एक सर्विस विनर पोस्ट किया, अपने अगले दो सर्विस गेम में सर्व पर हावी रहीं, सोनमेज को 4-2 की बढ़त के लिए ब्रेक किया और 32 मिनट में शुरुआती सेट का दावा करने के लिए मजबूत पकड़ बनाए रखी।

मोनफिल्स ने जीत के साथ मनाया 40वां जन्मदिन



गेल मोनफिल्स ने लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में खचाखच भरी भीड़ के सामने वैलेजो को 2-6, 6-1, 6-2, 6-0 से हराकर यूएस ओपन के अपने पहले मैच में जीत दर्ज की। ओवर ऑल यूएस ओपन में उनकी यह 34वीं जीत थी। इस जीत के साथ उनका 40वां जन्मदिन यादगार बन गया। यूएस ओपन के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 50 सालों में यूएस ओपन में मैच जीतने वाले 40 या उससे ज्यादा उम्र के मोनफिल्स तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं।



मीरा की शानदार शुरुआत

नंबर 5 सीड मीरा एंड्रीवा ने फ्लशिंग मीडोज में अपने कैंपेन की शानदार शुरुआत की। उन्होंने दुनिया की नंबर 36 जेनिस त्जेन को 6-2 से हराया। 6-2 से हराकर, लगातार चौथे साल दूसरे राउंड में पहुंच गईं। एंड्रीवा अब दुनिया की 98 नंबर की खिलाड़ी ईवा लिस से खेलेंगी।



मैरी पर जीत हासिल कर आगे बढ़ी ईला


एलेक्जेंड्रा ईला ने यूएस ओपन की शुरुआत जीत के साथ की है। ईला ने अपने पहले मैच में अमेरिकी क्वालीफायर मैरी स्टोयाना पर जीत हासिल कर दूसरे राउंड में जगह बनाई। नंबर 17 सीड, ईला ने दो ब्रेक पॉइंट बचाते हुए, एक खराब पहला सर्विस गेम खेला। ऐसा लग रहा था कि ईला को मैच में अपनी पकड़ बनाने के लिए बस इन्हीं प्रेशर पॉइंट्स की जरूरत थी, और उसने पहला सेट 6-1 से जीतने से पहले 5-0 की बढ़त बना ली, जिसमें उसने अपने 84 प्रतिशत फर्स्ट-सर्विस पॉइंट्स जीते। स्टोयाना ने दूसरे सेट के ईला के पहले सर्विस गेम में दो ब्रेकपॉइंट के मौके बनाए।

ज्वेरेव ने टाला बड़ा उलटफेर



टॉप सीडेड अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने आर्थर ऐश स्टेडियम में यूएस ओपन के पहले राउंड में बिना सीड वाले इटैलियन लोरेंजो सोनेगो को 6-4, 3-6, 6-7(7), 7-5, 6-4 से शिकस्त दी। जीत के साथ ज्वेरेव ने अगले दौर में जगह बना ली है। अलेक्जेंडर ज्वेरेव चौथे सेट में 4-5 से हार से दो पॉइंट दूर थे, फिर भी उन्होंने बाद के नियंत्रण हासिल किया और 4 घंटे, 53 मिनट तक चले मुकाबले में जीत हासिल की। ज्वेरेव का दूसरे राउंड में फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस के साथ मुकाबला होगा।

खबर संक्षेप



लंदन स्क्वाश क्लासिक दूसरे दौर में अनाहत

लंदन। मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन अनाहत सिंह ने मिस्र की मरियम मेटवाली को सीधे गेम में हराकर 144,000 अमेरिकी डॉलर इनामी लंदन स्क्वाश क्लासिक के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी ने पीएसए गोल्ड प्रतियोगिता के अपने पहले मैच में 11-3, 11-2 से जीत हासिल की। इस साल जुलाई में जूनियर विश्व खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं 18 वर्षीय अनाहत पिछले दो सत्र से शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने 2025 में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता था। पुरुष वर्ग के पहले दौर में विश्व के 42वें नंबर के खिलाड़ी रामित टंडन ने कतर के अब्दुल्ला अल-तमीमी को 11-6, 11-7 से हराया। विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर काबिज वीर चोटरानी को हालांकि स्विट्जरलैंड के यानिक विल्हेल्मी से 9-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा।

पैन एम कप बिलियर्ड्स सितवाला ने जीता रजत



नई दिल्ली। भारत के ध्रुव सितवाला को कनाडा के विन्निपेग में आयोजित पैन एम कप बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फाइनल में सिंगापुर के पीटर गिलक्रिस्ट से 972-1500 से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मौजूदा एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियन सितवाला ने फाइनल की शुरुआत शानदार अंदाज में की थी, लेकिन वह अपनी बढ़त को बरकरार नहीं रख सके। फाइनल के शुरुआती चरण में सितवाला 450 अंकों की बढ़त पर थे, लेकिन धीरे-धीरे यह बढ़त उनके हाथ से निकल गई। सितवाला ने कुछ साल पहले न्यूजीलैंड ओपन के फाइनल में गिलक्रिस्ट को हराया था।

रोनाल्डो की बहन एल्मा पहुंचीं केरलम, सीएम से मिली



तिरुवनंतपुरम। स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की बहन एल्मा अवेइरो ने केरलम की यात्रा के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन से मुलाकात की। सतीशन ने 'एक्स' पर मुलाकात का एक वीडियो भी साझा किया और कहा, 'केरलम की अपनी यात्रा के दौरान क्रिस्टयानो रोनाल्डो की बहन एल्मा अवेइरो के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। मैंने उन्हें बताया कि मलयालियों के दिल में फुटबॉल और क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए कितना अपार जुनून और प्यार है।'

दलीप ट्रॉफी : खिताबी मुकाबला 6 सितंबर से, ईस्ट जोन से भिड़ंत

तिलक की बैक-टू-बैक तगड़ी पारी, फाइनल में साउथ जोन

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कप्तान तिलक वर्मा के नाबाद अर्धशतक से दक्षिण क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के चौथे और अंतिम दिन उत्तर क्षेत्र पर 7 विकेट की जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई।

उत्तर क्षेत्र के 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण क्षेत्र ने तिलक (नाबाद 51) और रविचंद्रन स्मरण (नाबाद 32) ने बीच चौथे विकेट के लिए 80 रन की अटूट साझेदारी से जीत हासिल की। दक्षिण क्षेत्र ने दूसरे सत्र के आखिर में 3 विकेट पर 182 रन बनाकर जीत दर्ज की। अब 6 सितंबर से चेन्नई में होने वाले खिताबी मुकाबले में उसका सामना पूर्व क्षेत्र से होगा।

तिलक ने दिखाया शानदार संयम

पहली पारी में नाबाद 116 रन बनाकर दक्षिण क्षेत्र को 117 रन की महत्वपूर्ण बढ़त दिलाने वाले तिलक उस समय क्रीज पर आए जब उनकी टीम 102 रन पर तीन विकेट गंवा चुकी थी। तिलक ने एक बार फिर शानदार संयम और तकनीक का परिचय देते हुए तेज गेंदबाज गुरनूर बरार और बाएं हाथ के स्पिनर आबिद मुश्ताक की अगुआई वाले उत्तर क्षेत्र के गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना किया। बरार ने लगातार तेज और शरीर को निशाना बनाती गेंदों से तिलक की परीक्षा ली जबकि मुश्ताक ने पिच से मिल रहे असमान उछाल का फायदा उठाकर उनके फुटवर्क को चुनौती दी। तिलक ने इन चुनौतियों का शानदार अंदाज में सामना किया और ऑफ साइड में कुछ बेहतरीन ड्राइव लगाए।

दक्षिण क्षेत्र ने उत्तर क्षेत्र को 7 विकेट से हराया



उत्तर क्षेत्र का लचर क्षेत्ररक्षण

उत्तर क्षेत्र ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में 7 विकेट पर 256 रन से की थी। इस समय उसे 139 रन की बढ़त हासिल थी। अंशुल कंबोज ने 29 गेंद में 36 रन की आक्रामक पारी खेलकर टीम की बढ़त को 180 रन के पार पहुंचाने में मदद की। पिच के टूटने और गेंद के असमान उछाल के कारण दक्षिण क्षेत्र के लिए लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल नजर आ रहा था लेकिन उत्तर क्षेत्र के लचर क्षेत्ररक्षण ने भी दक्षिण को मुश्किल स्थिति से निकलने में बड़ी मदद की।

जगदीशन और भुई ने की 64 रन की साझेदारी

जगदीशन और भुई ने पहले विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी की थी। मैच के चारों दिन बल्लेबाजी करने वाले तिलक ने आखिरकार कामचलाऊ लेग स्पिनर कमरान इकबाल की गेंद को कवर के ऊपर से चौके के लिए भेजकर दक्षिण क्षेत्र की जीत पर मुहर लगाई।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

पडिक्कल को फायदा, नीचे खिसके गिल और बुमराह

पंत टेस्ट क्रिकेट में टॉप टेन पर बरकरार

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल जारी आईसीसी की टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में 2 पायदान और जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों की रैंकिंग में एक पायदान नीचे खिसक गए, जबकि देवदत्त पडिक्कल 54वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। श्रीलंका दौरे पर तीन पारियों में केवल एक अर्धशतक लगाने वाले गिल दो स्थान नीचे नौवें नंबर पर खिसक गए हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सातवें स्थान पर शीर्ष भारतीय बल्लेबाज बने हुए हैं। यशस्वी जायसवाल की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह भारतीय सलामी बल्लेबाज 11वें स्थान पर है।



पांच पायदान ऊपर चढ़े पडिक्कल

श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में दो शतक की मदद से 328 रन बनाने वाले पडिक्कल पांच पायदान ऊपर 54वें स्थान पर पहुंच गए। दिग्गज तेज गेंदबाज बुमराह ने हालांकि टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान गंवा दिया है। अब वह ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क और न्यूजीलैंड के मैट हेनरी के बाद तीसरे स्थान पर हैं। बुमराह घुटने में चोट के कारण श्रीलंका दौरे पर नहीं जा पाए थे। उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है, लेकिन उनकी उपलब्धता फिटनेस मंजूरी मिलने पर निर्भर है। श्रीलंका के युवा बल्लेबाज सोनल दिनुशा अपने इस शानदार प्रदर्शन के दम पर बल्लेबाजों की रैंकिंग में 29 पायदान ऊपर 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका टीम घोषित

कोलंबो। श्रीलंका ने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले वनडे और टी20 सीरीज के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस की कप्तानी में टीम का ऐलान कर दिया है। सीरीज 15 सितंबर से शुरू हो रही है। श्रीलंका को इस दौरे पर 3 टी20 और 3 वनडे मैच खेलना है। चरिथ असलांका दोनों सीरीज में उपकप्तान होंगे। पथुम निसांका, जिन्होंने हाल के महीनों में वनडे में शानदार फॉर्म दिखाया है, उनसे एक बार फिर टॉप ऑर्डर में मजबूती की उम्मीद की जाएगी। उनके साथ कामिल मिशारा, कामिंदू मेंडिस, जेनिथ लियानागे और पवन रथनायके हैं। ये बल्लेबाजी को मजबूती देंगे। इसके अलावा, टीम में अनुभवी ऑलराउंडर पूर्व कप्तान दासुन शनाका, ऑलराउंडर वानिंदू हसरंगा और दुनिथ वेलालागे भी हैं। ये खिलाड़ी श्रीलंकाई टीम को गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों विभाग में मजबूती देंगे।

19 साल के यमाल ने किया बड़ा कारनामा

तोड़ा एम्बाप्पे का महारिकॉर्ड



एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

बार्सिलोना के 19 वर्षीय स्ट्राइकर लामिन यमाल ने कैंप नोउ के मैदान पर इतिहास रचते हुए यूरोपीय फुटबॉल में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया है।

रायो वैलेकानो के खिलाफ खेले गए ला लीगा मुकाबले में यमाल के दो शानदार गोलों की बदौलत बार्सिलोना ने 5-2 से धमाकेदार जीत दर्ज की। इस मुकाबले में पहला गोल दागते ही यमाल ने क्लब के लिए अपने 50 गोल पूरे कर लिए।

इस शानदार प्रदर्शन के साथ लामिन यमाल यूरोप की टॉप 5 लीगों के इतिहास में 50 क्लब गोल दागने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं।

बीसीसीआई ने गंभीर अगरकर और लक्ष्मण को मुंबई बुलाया

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारतीय क्रिकेट के भविष्य की योजना पर चर्चा करने के लिए कोच गौतम गंभीर, सीनियर सिलेक्शन कमेटी के चेयरमैन अजीत अगरकर और सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के हेड वीवीएस लक्ष्मण को गुरुवार को मुंबई स्थित अपने हेडक्वार्टर बुलाया है। इस मीटिंग में आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे पर भारत को मिली हार की भी समीक्षा की जाएगी।

महिला चैंपियंस ट्रॉफी का ऐलान, भारत में मिली मेजबानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहली आईसीसी विमेंस चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल 14-28 फरवरी के बीच खेली जाएगी, जिसकी मेजबानी अब भारत को मिल गई है।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने कहा कि 6 टीमों वाला यह टूर्नामेंट अब दो वेन्यू पर खेला जाएगा, जिनमें क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (मुंबई) और इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम (वडोदरा) शामिल हैं। आईसीसी ने कहा, यह टूर्नामेंट पहले श्रीलंका में होना था, लेकिन अब यह भारत में होगा, क्योंकि श्रीलंका क्रिकेट जुलाई में आईसीसी के सालाना सम्मेलन में तय किए गए जरूरी सुधार कर रहा है। खास बात यह है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश की टीमें इस लीग में हिस्सा नहीं लेंगी। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा, आईसीसी महिला चैंपियंस ट्रॉफी 2027 महिला क्रिकेट के लिए एक रोमांचक नया अध्याय है।

पाकिस्तान को नहीं मिली एंट्री



चीन मास्टर्स : लक्ष्य का लचर प्रदर्शन, पहले राउंड में बाहर

सीधे गेम में जीत कर दूसरे दौर में श्रीकांत और तन्वी

एजेंसी ▶▶| शेनझेन

लक्ष्य सेन चीन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में लचर प्रदर्शन के बाद बाहर हो गए जबकि किदांबी श्रीकांत और तन्वी शर्मा ने सीधे गेम में जीत दर्ज करके पुरुष और महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। लक्ष्य ने लगातार गलतियां की और विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी कनाडा के विक्टर लाई से 38 मिनट में 14-21 7-21 से हार गए। यह लक्ष्य की कनाडाई खिलाड़ी के हाथों तीसरी हार थी। उन्होंने लाई के खिलाफ एकमात्र जीत इसी साल मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में हासिल की थी।



श्रीकांत अगले दौर में लाई से भिड़ेंगे

श्रीकांत ने हालांकि पुरुष एकल के एक अन्य मैच में चीनी ताइपे के ची यू जेन को 21-16 21-15 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत अगले दौर में लाई से भिड़ेंगे। पिछले महीने ताइपे ओपन में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाली तन्वी ने डेनमार्क की अमाली शुल्ज को 21-16, 21-17 से हराकर महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। अगले दौर में उनका सामना जापान की टोमोका मियाजाकी से होगा।

सात्विक और चिराग आगे बढ़े

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भी जुनैदी आरिफ और कांग खाई शिंग की मलेशिया की जोड़ी को 21-11, 21-16 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता इस जोड़ी का अगला मुकाबला फ्रांस के पोपोव बंधुओं क्रिस्टो और टोमा जूनियर से होगा। ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो की भारत की मिश्रित युगल जोड़ी ने भी थाईलैंड के टोन्नाकोर्न साएहेंग और टोनिचा साएहेंग को 21-8 21-9 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। अगले दौर में इस भारतीय जोड़ी का सामना चीनी ताइपे के लियू कुआंग हेंग और सू यिन हुई से होगा।

छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक
CHHATTISGARH GRAMIN BANK
Scheduled Bank Owned by Government
कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट नं.-47, सेक्टर-24, अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.) पिन-492018

श्री अंजनी कुमार तिवारी,
सेवानिवृत्त अधिकारी, पीएफ - 4976025,
महोदय,

कॉ.का/सतर्कता/219/2026-27
दिनांक : 02.09.2026

विभागीय जाँच प्रतिवेदन सुपुर्दगी विषयक

विषयांतर्गत, अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा पत्र क्र. कॉ.का/सतर्कता/055/2026-27 दिनांक 12.05.2026 के माध्यम से आपके प्रकरण में विभागीय जांच संस्थित की गई थी। विभागीय जांच के संबंध में संस्था द्वारा आपसे विभिन्न पत्राचार किये गये किन्तु सभी डाक वापस आ गई। जिसके पश्चात् एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये जांचकर्ता अधिकारी द्वारा विभागीय जांच प्रतिवेदन दिनांकित 31.07.2026 अनुशासनिक प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसे पत्र क्र. कॉ.का./सतर्कता/ 185/2026-27 दिनांक 07.08.2026 के माध्यम से बैंक को ज्ञात आपके पते पर प्रेषित किया गया, किन्तु डाक वापस आ गई। अतः आपको इस सूचना के साथ अन्तिम रूप से आपको अवगत कराया जाता हैं कि आप संदर्भित पत्र एवं विभागीय जांच प्रतिवेदन दिनांक 07.09.2026 तक छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक कॉर्पोरेट ऑफिस प्लाट न 47 सेक्टर 24 अटल नगर नवा रायपुर से प्राप्त कर लेवें। यदि आपके द्वारा तय समय सीमा में जांच प्रतिवेदन प्राप्त नहीं किया जाता हैं तो यह माना जावेगा कि आप विभागीय जाँच प्रतिवेदन पर अपना पक्ष नही रखना चाहते है, अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा आगामी कार्यवाही की जावेगी, जो पूर्वाग्रह रहित मानी जावेगी।

अध्यक्ष एवं अनुशासनिक प्राधिकारी



धरती के नीचे बने हैं दुनिया के ये सबसे गहरे मेट्रो स्टेशन, कुतुब मीनार से भी ज्यादा गहराई!



बीजिंग। दुनिया में मेट्रो का सफर आमतौर पर शहर की भीड़ और ट्रैफिक से बचने का आसान तरीका माना जाता है। लेकिन, कुछ जगहों पर मेट्रो स्टेशन जमीन के नीचे इतनी गहराई में बनाए गए हैं कि वहां पहुंचना किसी सफर से कम नहीं लगता। इन स्टेशनों की गहराई कई बड़ी इमारतों की ऊंचाई को भी पीछे छोड़ देती है। इनमें चीन, यूक्रेन और उत्तर कोरिया के कुछ स्टेशन खास तौर पर चर्चा में रहते हैं।

होंगयानकुन स्टेशन, चीन

चीन के चोंगकिंग शहर का होंगयानकुन स्टेशन दुनिया के सबसे गहरे मेट्रो स्टेशनों में सबसे ऊपर आता है। इसकी गहराई करीब 116 मीटर बताई जाती है, जबकि यात्रियों के खड़े होने वाला प्लेटफॉर्म सतह से लगभग 106 मीटर नीचे है।



प्योंगयांग मेट्रो उत्तर कोरिया

उत्तर कोरिया की प्योंगयांग मेट्रो भी दुनिया की सबसे गहरी परिवहन प्रणालियों में शामिल है। इसके ट्रैक की गहराई 110 मीटर से ज्यादा बताई जाती है। इसकी कई स्टेशन संरचनाएं इतनी गहरी हैं कि इन्हें जरूरत पड़ने पर सुरक्षा और आश्रय के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

झोलोती वोरोता स्टेशन, यूक्रेन

कीव का झोलोती वोरोता स्टेशन करीब 96.5 मीटर की गहराई पर है। गहराई के अलावा इसकी खूबसूरत सजावट भी लोगों का ध्यान खींचती है। स्टेशन के अंदर कीवियन रूस के इतिहास और संस्कृति से प्रेरित कई मोजाइक देखने को मिलते हैं।

होंगतूदी स्टेशन, चीन

चोंगकिंग का होंगतूदी स्टेशन भी दुनिया के गहरे मेट्रो स्टेशनों में शामिल है और इसकी गहराई करीब 94 मीटर से ज्यादा बताई जाती है। यह स्टेशन शहर की जटिल पहाड़ी भौगोलिक संरचना के बीच बनाया गया है। इन स्टेशनों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि आधुनिक मेट्रो सिर्फ जमीन के ऊपर ट्रैक बिछाने का काम नहीं है। कहीं पहाड़ों और नदियों की वजह से, तो कहीं शहर की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण इंजीनियरों को धरती के कई मीटर नीचे जाकर सुरंगें और स्टेशन बनाने पड़े. यही वजह है कि दुनिया के ये गहरे मेट्रो स्टेशन आज परिवहन के साथ-साथ इंजीनियरिंग के शानदार उदाहरण भी माने जाते हैं।

रोचक खबरें

सैंकड़ों साल पहले होता था ऐसा वॉटर फिल्टर, अमृत जैसा साफ हो जाता था पानी


नई दिल्ली। आज के समय में पानी का प्रदूषण इतना बढ़ चुका है कि नदी, तालाब या कुएं का पानी सीधे पीना खतरनाक हो सकता है। ज्यादातर घरों में आरओ, यूवी या अन्य वॉटर प्यूरीफायर लगे मिल जाएंगे। बिना फिल्टर किए पानी पीने से कई बीमारियां हो सकती हैं। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा कि सैंकड़ों या हजारों साल पहले जब आधुनिक मशीनें नहीं थीं, तब लोग पानी कैसे साफ करते थे?



प्राचीन भारत में एक अद्भुत और सरल तरीका प्रचलित था। सिर्फ एक खास बीज डालने या रगड़ने से गंदा, मैला पानी अमृत जैसा साफ और पारदर्शी हो जाता था। यह तरीका इतना प्रभावी था कि आज भी वैज्ञानिक इसे प्राकृतिक कोएगुलेंट के रूप में अध्ययन कर रहे हैं। कौन सा था वह खास बीज? यह बीज है कतक का। इसे क्लियरिंग नट भी कहा जाता है। आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों जैसे सुश्रुत संहिता में इसे जल प्रसादन द्रव्य यानी पानी को साफ करने वाले पदार्थों में गिना गया है। संस्कृत में इसे अंबुप्रसादन फल, तोयप्रसादन या जल निर्मलता कारक भी कहा गया है। संदर्भों के अनुसार यह तरीका हजारों साल पुराना है। कुछ अध्ययनों में 4000 साल पहले से इसके उपयोग का जिक्र मिलता है।

सबसे सस्ता देश, जमीन में छुपा है सोने का भंडार, महल जैसे है मेट्रो स्टेशन

ताशकंद। उज्बेकिस्तान आजकल सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग इसे दुनिया का सबसे सस्ता देश बता रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि अगर कोई भारतीय अपनी जेब में सिर्फ एक हजार रुपए लेकर उज्बेकिस्तान पहुंच जाए, तो वह वहां सीधे लखपति बन जाता है। यह बात सुनने में अजीब लग सकती है, लेकिन मनी एक्सचेंज रेट और वहां की जीवनशैली को समझने के बाद यह दावा काफी हद तक सही साबित होता है। उज्बेकिस्तान मध्य एशिया का एक खूबसूरत देश है। ताशकंद, समरकंद, बुखारा और खीवा जैसे शहरों में ऐतिहासिक इमारतें, मस्जिदें, मदरसे और बाजार पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। लेकिन सिर्फ खूबसूरती ही नहीं, यहां की अर्थव्यवस्था और रोजमर्रा की जिंदगी भी भारतीय पर्यटकों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है। उज्बेकिस्तानी मुद्रा को सोम कहा जाता है। भारतीय रुपये और सोम के बीच विनिमय दर ऐसी है कि एक हजार रुपए से काफी बड़ी रकम सोम में मिल जाती है। जब पर्यटक स्थानीय बाजार में जाते हैं तो खाने-पीने, रहने और घूमने का खर्च बहुत कम पड़ता है।



रूस में खुदाई में मिला खजाना, 350 सिक्के ऐसे जो पहले किसी ने नहीं देखे

मास्को। रूस में एक ऐसी खोज हुई है जिसने इतिहासकारों को भी हैरान कर दिया है। मॉस्को से तकरीबन 114 किलोमीटर दूर कोलोम्ना नाम के शहर में खुदाई चल रही थी, तभी जमीन के अंदर से एक मिट्टी का मटका निकला। इस मटके के अंदर था चांदी के 2600 सिक्कों का खजाना, जिसे देखकर ऐसा लगता है कि इसे किसी ने बड़ी ही सावधानी के साथ जमीन में छुपाया था। रूस की एकेडमी ऑफ साइंसेज के आर्कियोलॉजी इंस्टीट्यूट का कहना है कि यह खजाना 14वीं-15वीं सदी का है और सबसे दिलचस्प बात ये कि इसमें 350 से ज्यादा सिक्के तो ऐसे हैं जिनका डिजाइन पहले कभी दुनिया के सामने आया ही नहीं। उस जमाने में कोलोम्ना कोई मामूली शहर नहीं था, बल्कि आसपास के इलाके का दूसरा सबसे रईस और ताकतवर शहर हुआ करता था। एक्सपर्ट्स का अंदाजा है कि इतनी बड़ी दौलत किसी बहुत बड़े व्यापारी की या फिर किसी बड़े सरकारी अफसर की रही होगी। शायद उसे किसी खतरे का अंदेशा हुआ और उसने अपना सारा पैसा जमीन में छुपा दिया। खजाने में ज्यादातर सिक्के 'देंगा' नाम की पुरानी मुद्रा के हैं। ये सिक्के मॉस्को की राजशाही ने 14वीं सदी के अंत में ढालने शुरू किए थे।



धरती की सारी बर्फ पिघली तो क्या होगा ? बांग्लादेश पूरा खत्म, भारत हो जाएगा तबाह

वॉशिंगटन। नेपाल में बीते महीने आई बाढ़ ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। नेपाल और तिब्बत सीमा पर आई इस विनाशकारी बाढ़ की वजह ग्लेशियर टूटना माना जा रहा है। इस आपदा ने एक बार फिर जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम में आ रहे बदलावों पर बहस को केंद्र में ला दिया है। इससे एक सवाल उठा है कि अगर सारी बर्फ पिघल जाए तो क्या होगी और धरती किस तरह से बदलेगी। एक्सपर्ट का कहना है कि निकट भविष्य में बड़े पैमाने पर बर्फ के पिघलने की संभावना नहीं है। हालांकि, फॉसिल फ्यूल जलाए जाने और लगातार ग्लोबल वार्मिंग की वजह से एक समय के बाद ध्रुवों और पहाड़ों की चोटियों पर जमी सारी बर्फ पिघल भी सकती है। ऐसा होता है समुद्र का जलस्तर 216 फीट बढ़ जाएगा।

धरती पर कितनी बर्फ

धरती पर 50 लाख क्यूबिक मील से ज्यादा बर्फ है। कई वैज्ञानिकों का मानना है कि इसे पूरी तरह पिघलने में 5,000 साल से ज्यादा का समय लगेगा। अगर हम वातावरण में कार्बन छोड़ते रहे तो बहुत मुमकिन है कि एक समय ऐसी दुनिया बन सकती है, जहां बर्फ नहीं होगी। तब औसत तापमान मौजूदा 58 डिग्री फारेनहाइट के बजाय शायद 80 डिग्री फरेनहाइट होगा। इसका दुनिया के अलग-अलग हिस्सों पर कुछ इस तरह से असर होगा।

बढ़ता हुआ तापमान दुनिया के सामने बन रहा है चुनौती



एशिया: चीन की करीब 60 करोड़ आबादी वाली जमीन पानी में डूब जाएगी। बांग्लादेश तकरीबन पूरा और भारत का ज्यादातर तटीय इलाका डूब जाएगा। मेकांग डेल्टा के डूबने से कंबोडिया के कार्डमम पहाड़ एक द्वीप की तरह अलग-थलग पड़ जाएंगे।

ऑस्ट्रेलिया: रेगिस्तान वाला यह महाद्वीप एक नया अंदरूनी समुद्र तो पा लेगा, लेकिन वह उस संकरी तटीय पट्टी का बड़ा हिस्सा खो देगा, जहां अभी पांच में से चार ऑस्ट्रेलियाई रहते हैं।

पूर्वी अंटार्कटिका

पूर्वी अंटार्कटिका की बर्फ की चादर इतनी विशाल है कि इसमें पृथ्वी की कुल बर्फ का चौथा-पांचवां हिस्सा है। ऐसा लग सकता है कि यह कभी पिघलेगी ही नहीं। यह पहले के गर्म दौर में भी सुरक्षित बची रही थी। विशाल होने के बावजूद इओसीन काल जैसी जलवायु की वापसी होने पर इसके बचे रहने की संभावना कम ही है।

वेस्ट अंटार्कटिका: ग्रीनलैंड आइस शीट की तरह वेस्ट अंटार्कटिक आइस शीट पहले के गर्म दौर में काफी छोटी रही होगी। यह कमजोर है, क्योंकि इसका बड़ा हिस्सा समुद्र के लेवल से नीचे की चट्टानों पर टिका है। गर्म होता समुद्र तैरती हुई आइस शीट को नीचे से पिघला रहा है, जिससे वह ढह रही है। 1992 से यहां हर साल औसतन 65 मिलियन मीट्रिक टन बर्फ कम हो रही है।

उत्तरी अमेरिका

बर्फ नहीं रहेगी तो पूरा अटलांटिक समुद्री किनारा गायब हो जाएगा। फ्लोरिडा और गल्फ कोस्ट भी नहीं रहेगा। कैलिफोर्निया में सैन फ्रांसिस्को की पहाड़ियां द्वीपों का समूह बन जाएंगी और सेंट्रल वैली एक विशाल खाड़ी बन जाएगी। सैन डिएगो नाम की कोई जगह ही नहीं बचेगी।

दक्षिण अमेरिका

उत्तर में अमेजन बेसिन और दक्षिण में पराग्वे नदी बेसिन अटलांटिक की खाड़ियां बन जाएंगी। इससे ब्यूनस आयर्स, तटीय उरुग्वे और ज्यादातर पराग्वे खत्म हो जाएंगे। कैरिबियन तट और मध्य अमेरिका के पहाड़ी इलाके बचे रहेंगे।

अफ्रीका

दूसरे महाद्वीपों की तुलना में समुद्र का जलस्तर बढ़ने से होने वाली इस तबाही में अफ्रीका की जमीन कम डूबेगी, लेकिन बढ़ती गर्मी की वजह से इसका ज्यादातर हिस्सा रहने लायक नहीं बचेगा। मिस्र में, अलेक्जेंड्रिया और काहिरा भूमध्य सागर के बढ़ते पानी में डूब जाएंगे।

यूरोप

दुनिया का एक बेहद खास शहर लंदन याद बनकर रह जाएगा। वेनिस एड्रियाटिक सागर में समा जाएगा। नीदरलैंड्स समुद्र के हवाले हो चुका होगा, और डेनमार्क भी खत्म हो चुका होगा। भूमध्य सागर का बढ़ता पानी काला सागर और कैस्पियन सागर के जलस्तर को बढ़ा देगा।

ये है दुनिया की सबसे बड़ी कॉलोनी! जहां एक साथ रहते हैं 5545 परिवार

मास्को। रूस के संत पीटर्सबर्ग शहर की इस मल्टी-स्टोरी कॉलोनी की छत से लिया गया एक वीडियो इन दिनों इंटरनेट पर खूब ट्रेंड कर रहा है, जिसे देखकर लोग हैरान हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि, इस अ के ले कॉम्प्लेक्स में 5,500 से अ धि क फैमिली एक साथ रहते हैं। इस बिल्डिंग की ऊंचाई इतनी ज्यादा है कि, नीचे देखने पर दूसरी बिल्डिंगस सड़कें और गाड़ियां किसी छोटे से खिलौने जैसी नजर आती हैं। देखने वालों के लिए ये नजारा किसी साइंस फिक्शन फिल्म के ड्रॉन शॉट जैसा एक्साइटिंग लगता है।

साइंस फिक्शन फिल्म जैसा है नजारा



एक ही जगह पर बसा है पूरा का पूरा शहर


रूस में बड़े रेसीडेंटल कॉम्प्लेक्स के कंस्ट्रक्शन की लेगसी काफी पुरानी रही है। यही वजह है कि, बढ़ती आबादी को कम जगह में बेहतर सुविधाएं देने के लिए इस तरह के मेगा ब्लॉक तैयार किए जाते हैं।

ऊंचाई से भूलभुलैया जैसा दिखता है नजारा

कमाल की बात तो ये है कि, इस कॉम्प्लेक्स में 5,500 से ज्यादा फैमिली यानी लगभग 15 से 20 हजार लोग एक साथ रहते हैं। इतनी बड़ी आबादी को ध्यान में रखकर परिसर के अंदर ही दुकानें, पार्क और रोजमर्रा की सभी काम की सुविधाएं दी गई हैं। शायद यही वजह है कि इसे महज एक कॉलोनी नहीं, बल्कि एक छोटा सा शहर माना जा सकता है।

ऑस्ट्रेलिया में तैयार हुई दुनिया की सबसे भारी सोने की ईंट

पर्थ। सोना शब्द सुनते ही दिमाग में सबसे पहले अंगूठी, हार, सिक्के या लॉकर में रखी छोटी-सी बिस्किट आती है, है ना? पर कभी सोचा है कि अगर सैकड़ों किलो सोने को इकट्ठा करके एक ही बड़ी ईंट बना दी जाए तो वो कैसी लगेगी? यकीन मानना थोड़ा मुश्किल है, पर ऐसा सच में हुआ है और वो भी ऑस्ट्रेलिया में। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया में सोने की एक ऐसी ईंट बनाई गई है जिसका वजन सुनकर ही होश उड़ जाए। पूरे 521.2 किलोग्राम, मतलब लगभग 1,149 पाउंड। ये कोई नॉर्मल सोने की बार नहीं है, ये दुनिया की सबसे बड़ी सोने की ईंट है और इसने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया है। आप सोच भी नहीं सकते, इसे एक आदमी तो क्या, चार लोग मिलकर भी हिला नहीं सकते। उठाना तो बहुत दूर की बात है। इसका एक वीडियो खुद गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो आते ही इंटरनेट पर वायरल हो गया। लोग बार-बार उसी वीडियो को देख रहे हैं।



9 गोल्ड माइनिंग कंपनियों ने मिलकर दिया था सोना

सबसे दिलचस्प बात है कि इतना सोना आया कहां से? बताया जा रहा है कि इसे बनाने के लिए किसी एक कंपनी ने नहीं, बल्कि ऑस्ट्रेलिया की 9 बड़ी गोल्ड माइनिंग कंपनियों ने मिलकर सोना दिया था। इसमें से 7 कंपनियां तो सिर्फ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की थीं। मतलब ये सिर्फ एक ईंट नहीं, बल्कि कई कंपनियों के साथ आने की कहानी है। सबने थोड़ा-थोड़ा सोना डोनेट किया और तब जाकर ये रिकॉर्ड बन पाया और इसे बनाना भी कोई बच्चों का खेल नहीं था।

कितनी है सोने की ईंट का वजन

इसी मिंट ने ये कारनामा करके दिखाया और सीधा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इतना सारा सोना एक ही जगह पर लाकर उसे एक परफेक्ट ईंट का शेप देना, अपने आप में बहुत बड़ी बात है। अब 521 किलो कितना होता है, इसका अंदाजा ऐसे लगाओ । गिनीज वालों के मुताबिक ये वजन लगभग 8 हट्टे-कट्टे आदमियों के बराबर है। जहां एक आम सोने की बिस्किट आप जेब में रख लेते हो, वहीं इसके सामने तो फोर्कलिफ्ट और बड़ी-बड़ी मशीनें भी छोटी पड़ जाएं। इसे छूने-उठाने के लिए पूरी सेफ्टी और स्पेशल मशीनों की जरूरत पड़ती

चीन में अब बैंक, नाइटक्लब और अस्पतालों में भी हो रही शादी

बीजिंग। क्या आपने कभी सोचा है कि जहां लोग इलाज कराने या पार्टी करने जाते हैं, वहां शादी का सर्टिफिकेट भी मिल सकता है? सुनकर भले ही अजीब लगे, लेकिन पड़ोसी मुल्क चीन में इन दिनों ऐसा सचमुच हो रहा है। आखिर चीन की सरकार युवाओं को ऐसे अनोखे अंदाज में मैरिज सर्टिफिकेट क्यों बांट रही है? दरअसल, चीन की घटती जन्मदर और तेजी से बूढ़ी होती आबादी ने सरकार की नींद उड़ा रखी है। युवाओं को शादी के बंधन में बांधने के लिए सरकार ने अब बैंक, एयरपोर्ट, मेट्रो स्टेशन, अस्पताल और यहां तक कि नाइटक्लबों में भी मैरिज रजिस्ट्रेशन काउंटर खोल दिए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, शांडोंग प्रांत के एक मैटरनल और चाइल्ड अस्पताल में कपल एक ही छत के नीचे शादी का रजिस्ट्रेशन कराने के साथ-साथ अपना प्री-मैरिटल हेल्थ चेकअप भी करवा रहे हैं। शंघाई के एक नाइटक्लब में डीजे की धुन और पार्टी के बीच अधिकारी कपल को मैरिज सर्टिफिकेट बांट रहे हैं। वहीं, ग्वांगझोउ एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स के टेकऑफ और लैंडिंग के बीच तियानजिन के एक बैंक में बैंकिंग सर्विसेज के साथ-साथ शादी के कागजात भी तैयार हो रहे हैं।

गिरती जन्मदर और घटती शादियों से सरकार परेशान



प्रक्रिया आसान, फिर भी घट रही हैं शादियां

लेकिन, मजेदार पहलू ये है कि सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी चीन के युवा पिघल नहीं रहे हैं। इस साल की पहली छमाही में ही वहां मैरिज रजिस्ट्रेशन में 7.5% की गिरावट दर्ज की गई है। सोशल मीडिया पर वहां के युवा साफ कह रहे हैं कि असली समस्या शादी के रजिस्ट्रेशन की जटिल प्रक्रिया नहीं है, बल्कि महंगाई, बेरोजगारी, महंगे घर और बच्चों की पढ़ाई का भारी-भरकम खर्च है। सरकार चाहे काउंटर कहीं भी खोल ले, जब तक युवाओं की जेब और आर्थिक असुरक्षा का हाल नहीं सुधरेगा, तब तक बात बनना मुश्किल है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com